


MPHIN/2021/83938


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 337 | ग्वालियर, 2 अक्टुबर सोमवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## महबूबनगर में बोले पीएम मोदी-तेलंगाना की सरकार एक कार है

**नई दिल्ली।** तेलंगाना में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को तेलंगाना पहुंचे और महबूबनगर में एक पब्लिक रैली की. इस दौरान क्क्रूमोदी ने आगे कहा कि मैं देशवासियों से स्वच्छता के कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान करता हूं कि वे भी एक घंटा निकालकर इस कार्यक्रम में शामिल हों. देश के कोने-कोने में स्वच्छता अभियान चल रहा है, मुझे विश्वास है कि आज शुरू हुए इस अभियान में जबरदस्त भागीदारी होगी. पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना की सरकार एक कार है, लेकिन स्टीयरिंग व्हील किसी और के हाथ में है. तेलंगाना की प्रगति को दो परिवार संचालित पार्टियों ने रोक दिया है. ये दोनों परिवार संचालित पार्टियां अपने भ्रष्टाचार और कमीशन के लिए जानी जाती हैं.  इन दोनों पार्टियों का फॉर्मूला एक ही है- पार्टी परिवार की, परिवार द्वारा और परिवार के लिए है... ये लोग लोकतंत्र को परिवारवाद में बदल रहे हैं. उनकी पार्टी एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की तरह चलती है. अध्यक्ष, सीईओ, निदेशक, कोषाध्यक्ष, महाप्रबंधक, मुख्य प्रबंधक और प्रबंधक सभी एक ही परिवार के हैं. वे सपोर्ट स्टाफ के तौर पर बाहर से कुछ लोगों को रखते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत सरकार मुलुगु जिले में एक सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी की स्थापना करने जा रही है. ये यूनिवर्सिटी बहुत पहले बन गई होती अगर यहां की सरकार ने दिलचस्पी दिखाई होती. मुझे अफसोस है कि राज्य सरकार यूनिवर्सिटी के लिए जमीन देने के काम को 5 साल तक टालती रही, यह दिखाता है कि उन्हें आदिवासी हितों, आदिवासी गौरव की कोई परवाह नहीं है. उन्होंने आगे कहा कि हम अपने अन्नदाताओं को सम्मान दे रहे हैं, उनकी मेहनत का सही मूल्य दे रहे हैं. 2014 में कांग्रेस की सरकार के समय तेलंगाना के किसानों से धान की स्त्रस्क्क पर खरीद पर 3400 करोड़ खर्च किए गए थे, लेकिन हमने एक साल में 1 साल में 27 हजार करोड़ रुपये किसानों के लिए खर्च किए हैं. मुझे अफसोस है कि यहां की सरकार ने किसान योजनाओं को अपनी काली कमाई का जरिया बना लिया है. तेलंगाना में सिंचाई परियोजना के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है. प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मुझे आज तेलंगाना के लोगों के कल्याण के लिए 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने का मौका मिला. ये परियोजनाएं तेलंगाना को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेंगी. ये परियोजनाएं तेलंगाना के युवाओं के लिए अवसर पैदा करेंगी.

## शरद या अजित किसके पास हो पार्टी और चिह्न



**मुंबई।** महाराष्ट्र की एनसीपी में एक बार फिर खींचतान नजर आ रही है. चाचा-भतीजे के बीच जारी मनमुटाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है. भतीजे अजित पवार ने चाचा शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (हृष्टक्क) पर दावा ठोंका है. अब ये मामला चुनाव आयोग के पास है. चुनाव आयोग पार्टी की संख्या के आधार पर निर्णय लेगा कि पार्टी का असली अध्यक्ष कौन है। इसे लेकर हृष्टक्ककी कार्यकारी अध्यक्ष और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले का बड़ा बयान सामने आया है. कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद सुप्रिया सुले ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस में कोई फूट नहीं है. इस पार्टी की स्थापना पवार साहब ने 25 वर्ष पहले की थी. बच्चा-बच्चा जानता है हृष्टक्क का मतलब शरद पवार. पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार हैं और महाराष्ट्र में पार्टी अध्यक्ष जयंत पाटिल हैं. जाने (पार्टी का चिह्न) का कोई सवाल नहीं है, पार्टी शरद पवार ने बनाई है तो पार्टी और चिह्न उनके पास ही रहने चाहिए. राष्ट्रवादी कांग्रेस में कोई फूट नहीं है। इस पार्टी की स्थापना पवार साहब ने 25 वर्ष पहले की थी। बच्चा-बच्चा जानता है हृष्टक्कका मतलब शरद पवार। पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार हैं और महाराष्ट्र में पार्टी अध्यक्ष जयंत पाटिल हैं... आपको बता दें कि अजित पवार पिछले दिनों शिंदे और फडणवीस सरकार में शामिल हो गए थे. इस दौरान उनके साथ एनसीपी के कुछ विधायक भी गए थे. इसके बाद अजित पवार को महाराष्ट्र का डिप्टी सीएम बना दिया गया और उनके 8 विधायकों को भी मंत्री बनाया गया. इसके बाद अजित पवार ने एनसीपी पर दावा कर दिया. अब ये मामला चुनाव आयोग के पास पंडिंग है. अजित पवार की याचिका के बाद चुनाव आयोग ने शरद पवार से जवाब मांगा है.

## भोपाल में IAF के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग, 6 जवान थे सवार



**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से बड़ी खबर सामने आई है. यहां भारतीय वायु सेना के रुा ध्रुव हेलीकॉप्टर ने भोपाल के पास एहतियातन लैंडिंग की. प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार चालक दल सुरक्षित है. ढ्ढस्न सूत्रों ने बताया कि लैंडिंग के समय हेलीकॉप्टर में 6 जवान सवार थे. सूत्रों के अनुसार तेकनीकी खराबी के कारण हेलीकॉप्टर को भोपाल से लगभग 60 किलोमीटर दूर एक खेत में लैंड कराना पड़ा. गांव वालों से मिली जानकारी के अनुसार हेलीकॉप्टर डैम के ऊपर काफी समय तक चक्कर लगाता रहा, जिसके बाद वो खेत में उतर गया. जानकारी के अनुसार वायुसेना के हेलीकॉप्टर की लैंडिंग बैरसिया के डूंमरिया गांव में बने डैम के पास कराई गई. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें खेत में हेलीकॉप्टर की लैंडिंग को साफ देखा जा सकता है. वीडियो में वायुसेना के जवान भी हेलीकॉप्टर के आसपास दिखाई दे रहे हैं. इसके साथ ही हेलीकॉप्टर को देखने के लिए गांववालों का भी तांता लग गया. फिलहाल वायुसेना के जवान इंजीनियर और टेक्नीशियनों का इंतजार कर रहे है.

## जेपी नड्डा और अमित शाह समेत इन दिग्गज नेताओं ने लगाई सड़कों पर झाड़ू

**नई दिल्ली।** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से एक दिन पहले यानी एक अक्टूबर देशभर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान चला रही है. इस दौरान देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया और सड़कों की सफाई की. इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के निवेदन पर स्वच्छता पखवाड़ा और सेवा पखवाड़ा मना रही है. कल गांधी जयंती है प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से स्वच्छता का आह्वान किया. स्वच्छता अभियान पर भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ता अपना योगदान दे रहे हैं. मैं आज अंबेडकर बस्ती में आया हूं, यहां के लोगों ने मुझे बहुत प्यार दिया. उनके साथ मिलकर मुझे भी स्वच्छता अभियान में भाग लेने का सौभाग्य मिला.

केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता साथ काम कर रहे हैं. स्वच्छता हमारे



संस्कार का हिस्सा बने इसका प्रयास है. बस्ती में शौचालयों और नालों की हालत 2014 से पहले बहुत खराब थी. 2014 के बाद से सड़कें पक्की कराने काम, सीवर डलवाने के काम सहित नए शौचालय बनाने काम हमने किया है। स्वच्छता. वहीं लखनऊ में उत्तर प्रदेश भाजपा चीफ भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कचरा मुक्त भारत-स्वच्छ भारत अभियान के तहत सफाई अभियान में हिस्सा लिया. उत्तर प्रदेश भाजपा चीफ भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि हमारी पार्टी ने चाहे सेवा के काम हो, रचनात्मक काम और स्वच्छा से जुड़े विषयों में अभियान को पूरा करने का काम किया है. हम आज और कल, महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं. वहीं, बिहार की राजधानी पटना में भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया और सड़कों की सफाई की. भाजपा नेता रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि ये एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है. मुझे अच्छा लगा कि पटना हाई कोर्ट के वकीलों ने हाई कोर्ट के बाहर झाड़ू लगाया और झाड़ू लगाते हुए मेरे घर तक आ गए. अब मैं काली घाट जा रहा हूं वहां झाड़ू लगाऊंगा. सब लोग सफाई में लगे हुए हैं. स्वच्छ भारत देश के लिए बहुत आवश्यक होना चाहिए. आज प्रधानमंत्री जी ने एक आह्वान किया और पूरा देश झाड़ू लेकर निकला है. हमारी पीड़ा है कि नगर निगम ने यहां हड़ताल कर रखा है. हर बार दशहरा के पहले हड़ताल होती है.

## 2014 से अब तक एलपीजी कनेक्शनों की संख्या 14 करोड़ से बढ़कर 32 करोड़ हुईः पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तेलंगाना को बहुत बड़ा तोहफा दिया है. पीएम मोदी ने तेलंगाना के महबूबनगर में 13,500 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी. इस दौरान प्रधानमंत्री ने महबुबनगर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कृष्णा स्टेशन से हैदराबाद (काचेगुडा) - रायचूर - हैदराबाद (काचेगुडा) ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया. इससे पहले उन्होंने महबूबनगर विभिन्न परियोजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर के जरिए तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में आवाजाही बहुत आसान होने वाली है. इसके कारण इन तीनों राज्यों में व्यापार, टूरिज्म और इंडस्ट्री को भी काफी बढ़ावा मिलेगा. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ..आज मैं तेलंगाना की धरती से घोषणा कर रहा हूं कि केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों के हित के लिए और उनकी आवश्यकता व भावी संभावनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन का फैसला किया है. उन्होंने आगे कहा कि 2014 में एलपीजी कनेक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, अब यह बढ़कर 32 करोड़ से ज्यादा हो गई है. हाल ही में हमने गैस सिलेंडर के दाम भी कम किए हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज मैं यहां से एक और घोषणा कर रहा हूं. भारत सरकार मुलुगु जिले में एक सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी की स्थापना करने जा रहा है. इसका नाम आदिवासी देवियां सम्मक्का-सारक्का के नाम पर रखा जाएगा.

## पितृपक्ष में पशु-पक्षियों के लिए क्यों निकाले जाते हैं भोजन के 5 अंश

**नई दिल्ली।** पंचांग के अनुसार, पितृपक्ष भाद्रपद पूर्णिमा तिथि से शुरू होता है और अमावस्या के दिन समाप्त होता है. इस साल पितृपक्ष 29 सितंबर 2023 से शुरू हो चुका है और यह 14 अक्टूबर 2023 को समाप्त होगा. हिंदू धर्म में इसका बड़ा महत्व है जो पूर्वजों की पूजा के लिए समर्पित 16 दिनों की अवधि है. इस अवधि के दौरान, पूर्वजों के लिए पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है. पितृपक्ष के दौरान कुछ कार्य को करने से पितर प्रसन्न होते हैं। इन्हीं में से एक पशु-पक्षियों को भोजन कराना भी शामिल है. पितृपक्ष में कुछ पशु-पक्षियों को भोजन कराने का विधान है. वहीं इस दौरान भोजन के पांच अंश भी निकाला जाता है। क्या है ये पांच अंश, आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं. पितृपक्ष में



श्राद्ध के दौरान कुछ पशु-पक्षियों के लिए भोजन का अंश निकालने का विधान है. पितरों के निमित्त निकाले जाने वाले भोजन के इस पांच अंश को पंचबलि के नाम से जाना जाता है. ऐसा माना जाता है कि भोजन का अंश निकाले बिना श्राद्ध कर्म अधूरा होता है. बता दें कि भोजन के ये 5 अंश गाय, कुत्ता, चींटी, कौवों और देवताओं के लिए निकाला जाता है.

पितृपक्ष में श्राद्ध के दौरान श्राद्ध के समय सबसे पहले कंडा जलाकर भोजन से तीन आहुति दी जाती है. इसके बाद भोजन को पांच भागों में निकाला जाता है और गाय, कुत्ते, चींटियों और देवताओं के लिए पत्तों पर रखा जाता है. जमीन पर एक हिस्सा कौवे के लिए छोड़ दिया जाता है. उसके बाद प्रार्थना की जाती है कि पूर्वज आकर भोजन ग्रहण करें और अपना आशीर्वाद प्रदान करें. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितृपक्ष के दौरान पूर्वज पशु-पक्षियों और देवताओं के रूप में प्रकट होते हैं. यह रूप हैं गाय, कुत्ता, कौवा और चीटी और इन्हीं के जरिए पितृ भोजन ग्रहण करते हैं. यही वजह है कि श्राद्धकर्म में पितरों के लिए भोजन का 5 अंश निकाला जाता है. इनमें से प्रत्येक एक तत्व का प्रतिनिधित्व करता है. गाय पृथ्वी का प्रतीक माना जाता है, कुत्ता जल तत्त्व का प्रतीक माना जाता है, चींटी अग्नि का प्रतीक है, कौवा वायु का प्रतीक है, और देवताओं को आकाश तत्व का प्रतीक माना गया है. श्राद्ध के दौरान भोजन के पांच हिस्से चढ़ाना इन तत्वों के प्रति आभार व्यक्त करने के एक तरीके के रूप में देखा जाता है.

## अफगान दूतावास ने भारत में कामकाज बंद किया

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के दूतावास ने भारत में आज (रविवार, 1 अक्टूबर) से अपना कामकाज पूरी तरह से बंद करने की घोषणा की है. दूतावास की ओर से रविवार को जारी किए गए एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि सरकार से समर्थन की कमी और अफगानिस्तान के हितों की पूर्ति में अपेक्षाओं पूरा करने में तालिबान सरकार विफल रही है. जिसके चलते भारत में अफगान दूतावास पूरी तरह से कामकाज बंद कर रहा है. अफगानी अधिकारियों ने कहा कि, दूतावास को मेजबान सरकार से समर्थन नहीं मिल रहा है, जिससे हमारे कामकाज में बाधा पैदा हो रही है. आधिकारिक बयान में आगे कहा गया कि, बेहद दुख, अफसोस और निराशा के साथ कहना पड़ रहा है कि नई दिल्ली में अफगानिस्तान का दूतावास अपना परिचालन बंद करने के इस फैसले की घोषणा करता है. यह निर्णय अत्यंत खेदजनक होने के बावजूद अफगानिस्तान और भारत के बीच ऐतिहासिक संबंधों और दीर्घकालिक साझेदारी को ध्यान में रखते हुए सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद लिया गया है.



इसके साथ ही अफगान दूतावास ने अपने बयान में कामकाज के सही ठंग से न चला पाने के कारण भी बताए. बयान में कहा गया कि इस दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय की ये ही मुख्य वजह हैं. इसके साथ ही दूतावास ने आरोप लगाया कि उसे मेजबान देश से अहम सहयोग की कमी महसूस हो रही है, जिसके चलते वह प्रभावी तरीके से अपना कामकाज नहीं कर पा रहा है. इसके अलावा दूतावास के अधिकारियों ने अफगानिस्तान के हितों को पूरा करने में अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने की भी बात कही. न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने अफगान दूतावास के तीन अधिकारियों के हवाले से लिखा कि, तीनों अधिकारियों ने बताया कि यह घटनाक्रम अफगान दूतावास के राजदूत और अन्य वरिष्ठ राजनयिकों के भारत छोड़कर यूरोप चले जाने और यूएसए में शरण लेने के बाद लिया गया है. यहां कर्मियों की कमी हो गई थी. दूतावास के अधिकारियों ने कहा कि कम से कम पांच अफगानी राजनयिक भारत छोड़ चुके हैं. हालांकि, अफगान दूतावास ने परिसर पर अफगानिस्तान के झंडे को लगाए रखने की मांग की है. बता दें कि ये कोई पहला मौका नहीं है जब नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास ने कामकाज बंद किया हो. इससे पहले 2021 में भी अफगान दूतावास को बंद किया गया था. तब अफगानिस्तान में तालिबान की सरकार आने के बाद दूतावास को बंद करना पड़ा था. फिलहाल भारत में अफगानिस्तान के दूतावास का नेतृत्व राजदूत फरीद मामुंडजे के हाथ में था, 2021 में अफगान दूतावास के बंद होने के बावजूद भारत सरकार ने अपदस्थ अफगान राष्ट्रपति अशरफ गनी द्वारा नियुक्त राजदूत और मिशन स्टाफ को भारत में वीजा जारी करने और व्यापार मामलों को संभालने की अनुमति दी थी. लेकिन अब भारत में अफगान दूतावास का सभी कामकाज बंद कर दिया गया है.

## अजय माकन बने कांग्रेस के नये कोषाध्यक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को अजय माकन को पार्टी का नया कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, कांग्रेस अध्यक्ष ने माकन को तत्काल प्रभाव से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी निवर्तमान कोषाध्यक्ष पवन कुमार बंसल के योगदान की सराहना करती है। पार्टी नेताओं के मुताबिक, बंसल ने पिछले महीने पद से इस्तीफा दे दिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री माकन पहले दिल्ली इकाई के प्रमुख के रूप में कार्य कर चुके है। वह दिल्ली में शीला दीक्षित सरकार में भी मंत्री थे।

## जम्मू-कश्मीर के रामबन में नार्को टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़, 30 किलो कोकीन जब्त

जम्मू। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रामबन जिले में नार्को टेरर मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने जिले में बनिहाल के रेलवे चौक पर कश्मीर से जम्मू की ओर आ रहे एक वाहन को रोका। जिसमें से 30 किलो कोकीन जब्त की गई। कोकीन की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 300 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसी के साथ पुलिस ने दो लोगों को भी गिरफ्तार किया है। यह ऑपरेशन एसएसपी रामबन और उनकी टीम को मिली खुफिया जानकारी के आधार पर था। यह टीम लगातार ड्रग तस्करों और तस्करों के खिलाफ युद्ध छेड़े हुए हैं।

## हिरण के ऊपर मौत बनकर कूदा तेंदुआ एक ही झटके में कर दिया काम तमाम

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया में अनगिनत वीडियो वायरल होते रहते हैं. जिनमें बड़ी संख्या में वाइल्डलाइफ के वीडियो शामिल हैं. जिसमें शिकारी जानवरों को दूसरे जानवरों का शिकार करते देखा जा सकता है. दरअसल, जंगल में रहने वाले शाकाहारी जानवरों की जान पर हर वक्त मौत का खतरा मंडराता रहता है. वहीं दूसरी ओर शिकारी जानवर इन शाकाहारी जानवरों को देखते ही उनपर हमला करने से नहीं चूकते और पलक झपकते ही उनका काम तमाम कर देते हैं. ऐसे में ये शिकारी किसी भी कीमत पर अपने शिकार को जिंदा नहीं जाने देते. ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया में फिर से वायरल हो रहा है. जिसमें एक तेंदुआ पेड़ की डाली पर बैठकर शिकार का इंतजार करता देखा जा सकता है. इसी दौरान उस पेड़ के नीचे एक हिरण आ जाता है और उसके बाद जो होता है वह देखकर आप हैरान रह जाएंगे. इस वीडियो को एक्स पर अकाउंट से शेयर किया गया है. जिसे सोशल मीडिया यूजर्स खूब पसंद कर रहे हैं. वीडियो में देखा जा सकता है कि एक तेंदुआ पेड़ के ऊपर घात लगाकर बैठा है. इसी पेड़ के नीचे एक हिरण भी घास खाना दिखाई दे रहा है. हिरण को इस बात का जरा सा भी अंदाजा नहीं है कि कोई शिकारी उसके सिर के ऊपर मौत बनकर बैठा हुआ है. इसीलिए हिरण बिना डरे वहां काफी देर तक घास खाता रहता है. उधर तेंदुआ पेड़ की डाली के ऊपर बैठकर सही मौका का इंतजार कर रहा है कि जब वह हिरण पर हमला करे तो उसका वार खाली ना जाए और वह हिरण का एक पल में काम तमाम कर दे.

तेंदुआ काफी देर तक पेड़ की डाली पर इधर-उधर टहलता है और तब तक ऊपर से छलांग नहीं लगाता



जब तक कि वह ये आश्वस्त नहीं कर लेता है कि वह हिरण को एक पल में ही जमीन पर गिरा लेगा और उसका काम तमाम कर देगा. जैसे ही तेंदुआ निश्चिंत हो जाता है वैसे ही हिरण के ऊपर छलांग लगा देता है, वही सीधा हिरण के ऊपर गिरता है, जिससे हिरण को इधर-उधर भागने या अपना बचाव करने का मौका तक नहीं मिलता और अपनी जान गंवा बैठता है.

# अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ कोलारस पर रविवार को जीवन जीने की कला और युवा जागृति अभियान का कार्यक्रम संपन्न हुआ

**आर एस रजक**
**पुष्पांजलि टुडे**

मुख्य अतिथियों का गायत्री शक्तिपीठ द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया कार्यक्रम का संचालन श्री जे.पी.शर्मा जी द्वारा किया गया ।शर्मा जी ने सभी युवा शक्ति को पितृपक्ष का महत्व समझाया। और सभी को संस्कारवान बनने के लिए कहा। आज के मुख्य अतिथि महोदय जी ने सर्वप्रथम सभी का अभिनंदन किया। उन्होंने युवा जागृति अभियान की सराहना की। उन्होंने सभी को बताया की आज हर धर्म का इंसान गलत रास्ते पर जा रहा है,उसका कारण है कि कोई भी व्यक्ति अपने धर्म की पुस्तकों का अध्ययन नहीं करता है और सभी लोग किताबों से दूर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी धर्मों की किताबें अच्छी बातें सिखाती हैं, और सभी में एक जैसी बातें हैं,बस अंतर भाषा का है। उन्होंने बताया कि जन्म से कोई बुरा या अच्छा नहीं होता है, अतः सभी अच्छा बनने का प्रयास करें। अंत में उन्होंने संदेश दिया कि सभी संस्कारवान बने और एक दूसरे से नफ़रत न करें प्रेम करें।प्रेम से सबकुछ प्राप्त किया जा सकता है।

और इनके बाद आज के विशिष्ट अतिथि मंडल महामंत्री भाजपा एवं पार्षद श्री राम सडैया जी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और बताया कि जिस देश के युवा अच्छे होते हैं वो देश प्रगति करता है। उन्होंने बताया की असफलताओं से परेशान नहीं होना है, असफलता हमें मजबूत बनाने के लिए आतीं हैं। उन्होंने सभी को संदेश दिया कि सभी को महापुरुषों को पढ़ना चाहिए और उनके विचारों को अपनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने सभी से भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाने के लिए कहा। और समय का महत्व समझाया। उपस्थित अतिथियों का, विद्यार्थियों का और उपस्थित सभी परिजनों का गायत्री शक्तिपीठ कोलारस के मुख्य ट्रस्टी श्री वीरेंद्र धाकड़ जी द्वारा आभार व्यक्त कर शांति पाठ किया गया जिसमे आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री अजहरुद्दीन जी (काजी सर, कोलारस) और विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री राम सडैया जी (पार्षद एवं मंडल महामंत्री भाजपा कोलारस ) उपस्थित रहे ।

# तृतीय बैच के शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

## शपथ दिलवाकर शिक्षकों को दिया स्वच्छता का संदेश

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

बदरवास- राज्य शिक्षा केंद्र के आदेश के क्रम में विकासखंड स्तरीय एफ एल एन ट्रेनिंग जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तर पर बदरवास आयोजित की जा रही है। इसमें कक्षा 1और 2 पढ़ाने वाले शिक्षक भाग ले रहे। अंकुर मिशन के तहत आयोजित प्रशिक्षण पूर्व में भी आयोजित किया गया। रिफ्रेशर कोर्स के रूप में गणित और भाषा,अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण दिया जा रहा है,जिसमें मास्टर ट्रेनर ट्रेनिंग दे रहे हैं। तृतीय बैच का समापन अशासकीय विद्यालय बी टी पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में घनश्याम शर्मा लेखक एवं कवि उपस्थित थे मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में सभी शिक्षकों को अवगत कराया की शिक्षा के साथ संस्कारों का भी समावेश हो यह भी कोशिश की जावे की मोबाइल का प्रयोग एक समय सीमा में अच्छे कार्यों के लिए हो. बीआरसीसी अंगद सिंह तोमर ने बताया द्व्यठु ट्रेनिंग अंकुर मिशन के तहत दी जा रही है, जिसमें हर चरण की ट्रेनिंग 3 चरणों में आयोजित की जावेगी। मास्टर ट्रेनर रवि कुमार श्रीवास्तव, विष्णु कुमार जाटव, कमल सिंह कुशवाहा,प्रताप



में दो बैच संचालित किए जा रहे हैं हर बैच में 40 शिक्षक शामिल हो रहे हैं। कक्षा 1और 2 को अध्यापन कराने वाले समस्त शिक्षकों

सिंह जाटव, जगदीश सिंह पटेरिया, अग्नू राम प्रधान टी एल एम के माध्यम से एलसीडी स्क्रीन पर राज्य शासन से जो सामग्री प्राप्त की है प्रशिक्षण करा रहे हैं। प्रशिक्षणार्थियों को बैच के समापन अवसर पर प्रमाण वितरित किए गए बताइए. पाठ योजना तैयार कर टीएल एम के माध्यम से शिक्षण पद्धति को रोचक बनाते हुए गतिविधि आधारित अध्यापन हो. जो प्रशिक्षण आपको दिया जा रहा है यह 2027 तक चलेगा. डाइट से मास्टर ट्रेनर के रूप में मनीष जैन ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए अध्यापन को किस तरह आसान बनाया जा सकता है उसे संबंध में टिप्स प्रदान किये. ट्रेनिंग में ट्रेनिंग प्रभारी संजीव पाठक, गोपाल जाटव, गुरु प्रसाद शर्मा, कुलदीप ग्वाल अरविंद कुशवाहा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ. तृतीय बैच में अनुपस्थित रहे 16 शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई हेतु प्रस्ताव जिला शिक्षा केंद्र को प्रेषित किए जा रहे हैं. सभी शिक्षकों को शपथ दिलवाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया शपथ मुख्य अतिथि घनश्याम शर्मा द्वारा दिलवाई गई।

# कोलारस नगर में अवैध आरा मशीन हरे भरे पेड़ों की बलि चढ़ा रही चुप्पी साधे बैठे अधिकारी

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

कोलारस-सभी नियमों को ताख पर रखकर पूरे नगर भर में लगभग 5 से 6 गैर कानूनी आरा मशीनें चल रही है। इससे सरकारी राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। वहीं पेड़ पौधों की अवैध रूप से कटाई की जा रही है। इससे हरे-भरे पेड़ बेरोक-टोक के काटे जा रहे हैं। एक तरफ सरकार पौधा रोपण पर हर प्रकार से हरियाली लाने के दिशा में प्रयास कर रही है। पेड़-पौधों को लगाने के लिए सरकार हर वर्ष कोई नई योजना को लाती है लेकिन सारी योजनाओं को इन संचालकों ने बर्बाद कर रखा है। जगह-जगह पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा के लिए किसी एक व्यक्ति को जिम्मेवारी दी जा रही है। वहीं कोलारस में करीब 5 से 6 अवैध आरा मशीन सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं।

वन विभाग की ओर से न तो इनके पास लाइसेंस प्राप्त है और न ही वे वन विभाग के कोई नियम-कानून को मानते है। विभागीय स्तर पर इस प्रकार के अवैध कारोबार पर रोक लगाने की दिशा में अबतक कोई ठोस करवाई नहीं की गई, लिहाजा उन लोगों का हौसला बुलंद है। कोलारस नगर सहित ग्रामीण इलाके में एक दर्जन आरा मशीन धड़ल्ले से चल रहा है। प्रखंड हर प्रमुख स्थान पर आरा मशीन स्थापित है। बता दें कि कोलारस बस स्टैंड के पास मैरिज गार्डन में बैंक ऑफ़ इंडिया के पास एवं भड़ोता रोड के पास इस प्रकार की अवैध आरा मशीनें संचालित है। इनके पास न लाइसेंस है और ना ही आरा मशीनें चलाने के लिए एनओसी. लाइसेंसशुदा आरा मशीन संचालक को लकड़ी चीरने के दौरान वृक्ष का नाम, चिराई के बाद लकड़ी को बेचने और बचने वाली लकड़ी का विवरण रजिस्टर में अंकित करना होता है. इसके अलावा आरा मशीन परिसर में सूचना पट्ट पर मशीन के बारे में जानकारी, लकड़ियों का स्टॉक और लाइसेंस रखना आवश्यक है. नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले आरा मशीन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई तो दूर वार्षिक जांच तक समय पर नहीं की जाती है.सागुन और नीम भी कट रहे. प्रतिबंधित के बावजूद पेड़ों को काटा जा रहा है इनमें से कई संचालक बिना लाइसेंस चल रही आरा मशीनें क्षेत्र के लकड़ी माफियाओं के लिए यह मशीनें काफी फायदेमंद साबित हो रही हैं.

**संबंधित अधिकारी से बातचीत**-इस प्रकार के अवैध मशीनों के संचालन की जानकारी वन विभाग को है। इससे जुड़े अधिकारियों व कर्मियों की मिली भगत से यह धंधा चल रहा है। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारि रेंजर कृतिका शुक्ला से बात करने का प्रयास किया गया, तो उन्होंने इस विषय मै अपनी रुचि न दिखाते हुए एसडीओ से बात करने की कह कर बात को टाल दिया।

# वार्ड की जनता पानी के लिए परेशान और पार्षद गहरी नींद मैं

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी के वार्ड नंबर 8 से है जहाँ पर हाल ही मैं हर वार्ड की तरह इस वार्ड मैं भी एक मिनी थीम रॉड स्वीकृत हुई है जिसका हाल ही में काम शुरू हो गया है थीम रोड पर ना तो नालियों का पूरी तरह से निर्माण कराया जा रहा है और ना ही पुरानी नालियों को तोड़कर नई नालियों का निर्माण कराया जा रहा है जैसी पुरानी नाली बनी हुई थी उनको वैसे ही छोड़कर रोड को मनाने का कार्य ठेकेदार और वार्ड पार्षद के मनमानी से किया जा रहा है वार्ड पार्षद प्रदीप शर्मा द्वारा बाढ़ की जनता को प्यासा रखकर मिनी थीम रोड का निर्माण कराया जा रहा है उन्होंने वार्ड में जितने भी बोर हैं उनकी सब की चाबी अपने पास रखकर शाम 6:00 बजे से सो गए और फोन लगाने पर उनके बच्चों द्वारा बताया जाता है कि पार्षद साहब सो रहे हैं वार्ड के बोर को इसलिए नहीं चलाया जा रहा क्योंकि जो रोड बन रही है उसे पर कीचड़ या पानी ना भरे जबकि इनको ये को बताए कि यदि बारिश हो गई तो क्या वार्ड पार्षद उसे भी रोक लेगा क्या इसके चलते वार्ड पार्षद ने बोर को बंद करा कर वार्ड की जनता को पानी ढोने के लिए मजबूर कर दिया जबकि मिनी थीम रॉड को बनाने का कार्य अभी शुरू ही हुआ हैं यदि रोड का महीने भर चलता हैं तो क्या वार्ड की जनता इसी प्रकार से पानी भरने जाती रहेगी।

# स्वच्छ भारत अभियान के तहत मेडिकल ऑफिसर ने स्टाफ के साथ कि सफाई

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह-स्वच्छता अभियान के चलते राष्ट्रपिता महात्मा





गांधी जिनकी पुण्यतिथि पर दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मेडिकल ऑफिसर डॉ.सोनू शर्मा ने स्टाफ के साथ हॉस्पिटल के अंदर व बाहर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।उन्होंने कहा कि जब हमारे आस पास का वातावरण स्वच्छ व साफ सुथरा होगा तो बीमारियां कम पनपेंगी।उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण से ही सुंदर और स्वच्छ समाज की कल्पना की जा सकती है।इस दौरान उन्होंने स्वच्छता अभियान चलाते हुए लोगो को जागरूक भी किया।इस दौरान साथ स्टाफ में सद्दीक खान,रोहित कोठारी,अनिल खरे मौजूद रहे।

**भाजपा पार्षदों ने की मुक्ति धाम की साफ सफाई**-वहीं स्वच्छता अभियान के चलते राष्ट पिता महात्मा गांधी जी की पुण्य तिथि पर दबोह नगर के वार्ड 08 में स्थिति मुक्ति धाम की साफ सफाई भाजपा पार्षद लालता कुशवाह,वार्ड 09 पार्षद प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में की गई।इस मौके पर स्थानीय लोगों ने भी सफाई अभियान में सहयोग किया।इस मौके पर मेहरबान सिंह कुशवाह,संजीव यादव,ठाकुरदास कुशवाह,अनिल कुशवाह,गंधर्व सिंह कुशवाह,गोविंद चौधरी सहित लोगो ने सफाई अभियान में भाग लिया।

**नगर परिषद ने भी चलाया स्वच्छता अभियान**-स्वच्छता अभियान के चलते नगर परिषद दबोह ने भी स्वच्छता अभियान चलाया।इस दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष हाकिम चौधरी ने सड़क पर सफाई कर श्रमदान किया।इस दौरान उनके साथ मुन्ना कौरव,मेहताब सिंह,अरुण तिवारी आदि मौजूद रहे।

# श्रीबाँके बिहारी मानव सेवा केंद्र में मनाया गया अंतराष्ट्रीय बृद्ध दिवस






**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। अंतराष्ट्रीय बृद्ध दिवस के अवसर पर रविवार को दबोह कस्वे में संचालित श्री बाँकेबिहारी बिहारी मानव सेवा केंद्र में भी बृद्ध दिवस मना कर बृद्ध जनों का सम्मान किया गया।जिसमें नगर के शासकीय कार्यालयों के बरिष्ठ अधिकारियो की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री सरस्वती जी के छाया चित्र पर दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि बतौर नगर परिषद अधिकारी प्रदीप ताम्रकार,दबोह नगर निरीक्षक परमानंद शर्मा,दबोह मेडीकल ऑफिसर डा.सोनू शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।इस मौके पर नगर परिषद अधिकारी प्रदीप ताम्रकर ने कहा कि नगर में संचालित ऐसे कार्यक्रमो में नगर परिषद हमेशा सहयोग करती रहेगी यह अपने आप मे गर्व की बात है।उन्होंने आगे कहा कि नगर परिषद बृद्ध जनों की सेवा में कभी पीछे नही रहेगी फिलहाल सभी बृद्ध लोगो को बृद्धा पेंशन योजना का लाभ दिया जा रहा है।वहीं दबोह थाना प्रभारी परमानन्द शर्मा ने सभी बृद्ध जनों का तिलक कर माला पहनाकर का सम्मान करते हुए कहा कि आज हम बृद्ध आश्रम की संचालिका को बहुत बहुत धन्यवाद देते हैं कि शासन से मिलने बाली कम राशि मे इतना अच्छा आश्रम संचालित कर रही हैं।इनसे हम लोगो को भी कुछ सीख लेकर गरीबो,बेसहारा,लोगो की मदद के लिए आगे आना चाहिए। वहीं मेडीकल आफिसर डॉ सोनू शर्मा ने कहा कि आज मैं यहां आकर धन्य हो गया हूं मेरी दादा दादी तो है नही पर हमें आज अपने दादा दादी मिल गए हैं। उन्होंने कहा कि आप जब भी हमारी आवश्यकता प? आपके लिए 24 घण्टे सेवा के लिए तैयार हूं।डॉ सोनू शर्मा ने प्रत्येक जनों 100-100 रुपये और फलों से सम्मान किया गया। ।इस अवसर पर संचालिका सीमा चौरसिया ने बृद्धजनों को बस्त्र,मिठाई भेंट देकर उनका सम्मान किया।इस मौके पर बृद्ध आश्रम समिति के सदस्य श्याम किशोर चौरसिया,आश्रम व्यवस्थापक हरिमोहन शास्त्री व पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।

# आजादी के अमृत महोत्सव में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम द्वारा बापू को किया याद

**केशब पंडित जी अम्बाह...**



अम्बाह। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों को नमन करते हुए अम्बाह महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने गांधी जयंती से पूर्व आज दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को महाविद्यालय में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा तथा शहीद स्मारक स्थल पर श्रमदान किया एवम् पुष्पचक्र अर्पित कर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर 30 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड के कमान अधिकारी कर्नल जगदीश कुमार राव ने समस्त कैडेट्स को आज के दिन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।सर्वप्रथम आज प्रातः ही समस्त सीनियर डिवीजन एवं सीनियर विंग के छात्र / छात्रा कैडेट्स महाविद्यालय में एकत्रित हुए और मेजर वीके जैन के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में महाविद्यालय भवन क्रमांक 1 एवं भवन क्रमांक 2 ,जग्गा चौराहा परिसर की पूर्ण साफ सफाई में भाग लेकर बापू को याद किया। समस्त कैडेटों ने ग्रुप बनाकर महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाने हेतु पूर्ण मनोयोग से स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लिया।

आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय एन सी सी अधिकारी मेजर व्ही के जैन ने एनसीसी कैडेटों को आजादी के महत्व को समझाया और राष्ट्रपिता पूजनीय महात्मा गांधी जी के जीवन वृतांत को सुनाते हुए उनके द्वारा स्थापित आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने की आवश्यकता को बताया ।मेजर जैन ने अमर शहीदों तथा स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष को याद किया साथ ही साथ एनसीसी कैडेट्स को राष्ट्र के उत्थान में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने हेतु आव्हान किया । इस अवसर पर महाविद्यालय के सीनियर कैडेट सचिन, सुप्रिया,



प्रेरणा, निशा, सोनम एवं रोहित ने आज के दिन के महत्व को बताते हुए गांधी जीवन पर प्रकाश डाला। आज के स्वच्छता कार्यक्रम में 30 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी भिंड से हवलदार सुमेर सिंह शामिल रहे तथा सीनियर डिवीजन से सीनियर कैडेट भानु प्रताप, धर्मेंद्र शर्मा और सीनियर विंग से सीनियर कैडेट सोनम तोमर के नेतृत्व में सभी कैडेटों ने उत्साह से भाग लिया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की आइक्यूएसी सेल के अंतर्गत आयोजित किया गया था।

# स्वच्छता को अपने जीवन का अहम हिस्सा बनाएं: कलेक्टर






**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)**

मऊगंज। मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने शासकीय शाहिद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज में नगर परिषद मऊगंज द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान के दौरान कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में स्वच्छता को अंगीकार करना चाहिए ।कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने कहा कि स्वस्थ शरीर और स्वच्छ वातावरण यह हमारे जीवन के दो बहुमूल्य आधार हैं इस पर सभी को ध्यान देना चाहिए। हम स्वस्थ रहें और आसपास गंदगी ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। आज पूरे देश में स्वच्छता को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन के तहत मऊगंज जिले में भी जगह-जगह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। उसी कड़ी में नगर परिषद मऊगंज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने शासकीय शाहिद केदारनाथ महाविद्यालय में सफाई की। उनके साथ कई गणमान्य नागरिक ,जनप्रतिनिधि एवं शिक्षक वर्ग के साथ-साथ छात्र-छात्राएं भी सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने स्वच्छता को लेकर उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई कि महात्मा गांधी ने जिस भारत का सपना देखा था उसमें सिर्फ राजनीतिक आजादी ही नहीं थी बल्कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना भी थी। महात्मा गांधी ने गुलामी की जंजीरों को तोड़कर मां भारती को आजाद कराया हमारा कर्तव्य है की गंदगी को दूर करके भारत माता की सेवा करें। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूंगा और उसके लिए समय दूंगा। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करूंगा । मैं ना गंदगी करूंगा ना किसी और को करने दूंगा। सबसे पहले मैं स्वयं से मेरे परिवार से मेरे मोहल्ले से मेरे गांव से एवं मेरे कार्य स्थल से शुरुआत करूंगा ।मैं यह मानता हूं कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ देखते हैं उसका कारण यह है कि यहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और ना ही होने देते। इस विचार के साथ मैं गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूंगा। आज जो शपथ ले रहा हूं वह अन्य सब व्यक्तियों से भी करवाऊंगी वह भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें इसके लिए प्रयास करूंगा मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। उपस्थित सभी व्यक्तियों को माननीय कलेक्टर महोदय के द्वारा शपथ दिलाई गई। वहीं कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने मऊगंज की जनता जनार्दन से अपील की कि मऊगंज जिला प्रशासन की अभिनव पहल एक गौवंश को सड़क से उठाकर घर ले आना है अभियान का सभी हिस्सा बने और जो गौवंश सड़कों पर आवारा घूम रहे हैं उनका सहारा बने। ताकि किसानों की होने वाली फसल को बचाया जा सके। जनहानि एवं पशु हानि को भी रोका जा सके ।एक्सीडेंट जो जगह-जगह सड़कों पर हो रहे हैं उसको रोकने का प्रयास करें और यह तभी संभव है जब हम सब मिलकर आवारा गौवंश की समस्या को समाप्त करें। कार्यक्रम में मिसेज कलेक्टर,मऊगंज कालेज के प्राचार्य आलोक राय, नगर परिषद अध्यक्ष बृजवासी पटेल, तहसीलदार मऊगंज,जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र राल्ही, पार्षद विश्वनाथ मिश्रा ,नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेश पटेल सहित,अनवर खान, इंजीनियर अविनाश पटेल, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## रीवा की सना खान लव जिहाद इंदौर में गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**



**रीवा।** पुलिस ने इवेंट मैनेजमेंट का काम करने वाली सना खान को लव जिहाद में गिरफ्तार किया गया है। वह अपने तीन नाम बताती है। रफीकुनिशा खान, सना खान और पायल खान। वह इंदौर में लॉ की छात्राओं पर रहीस मुस्लिम लड़कों से शादी कर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रही थी। वह मुस्लिम लड़कों से हिंदू लड़कियों को शादी करने के लिए कई तरह के लालच भी दे रही थी। खजराना पुलिस ने एक छात्रा की शिकायत पर लव जिहाद और ब्लैकमेलिंग के मामले में उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस उसके संपर्कों की जांच के लिए काल डिटेल निकाल रही है। मूलतः रीवा निवासी सना सत्यम विहार कालोनी में रहती है। उसने सलीम खान नाम के युवक से शादी की है।

## बरांव रोड पर हाईवा की ठोकर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)**



**मऊगंज ।** कालेज के समीप। बरांव रोड स्थित रविवार को अल सुबह विद्युत ट्रांसफार्मर पोल में सड़क निर्माण कार्य करने बाली सोहगौरा कंस्ट्रक्शन कंपनी के एक हाइवा ने ठोकर मार दिया। जिससे ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रांसफार्मर दूर फेंका गया। जिसके बाद नगर के एक भाग की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। बिजली विभाग के सहायक अभियंता कुंवर सिंह ने ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त किये जाने के मामले की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराने की बात कही गई है।

**विद्युत बहाल करने का काम शुरू**-स्थानीय लोगो द्वारा घटना की सूचना विद्युत विभाग को दी गई। जिसके बाद क्षतिग्रस्त लाइन काटा गया। बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को बदलने का काम शुरू कर दिया गया है। विभाग द्वारा शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल होने की संभावना जताई जा रही है।

## इको पार्क में जाने वालों की भीड़ से यातायात व्यवस्था ध्वस्त

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**



रीवा। प्रशासन की अदूरदर्शी पुरानी सोच के चलते पूरा जयस्तंभ चौक से लेकर ढेकहा तिराहा तक यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है इको पार्क शुभारंभ के पहले से ही ढेकहा तिराहा से लेकर जयस्तंभ चौराहा तक काफी जाम लगता था, अब तो ईको पार्क के वाहनों के कारण भी जाम बढ़ गया है। यदि जयस्तंभ चौक एरिया के आसपास स्थित अतिक्रमण को ठेले वालों को गुमटी वालों जो दुकान बढ़ाकर आगे बनी हुई है यदि उनको नियमानुसार सुधार नहीं किया जाएगा तो यातायात व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो जायेगी और आज वही देखने को मिल रहा है यदि शासन प्रशासन अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाते हुए इस एरिया में अतिक्रमण को नहीं हटाया जाएगा व्यवस्थित नहीं किया जाएगा तो रोज आमजनता इस जाम से परेशान होती रहेगी।

## भाजपा नेता पूर्व विधायक अभय मिश्रा के पूर्व में कर्मचारी रहे दो लोगों ने किया बड़ा खुलासा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। कार्यकर्ता और जनता आजाद हो चुकी है अभय मिश्रा सिरमौर विधानसभा क्षेत्र के निवासी हैं लेकिन सेमरिया क्षेत्र को उन्होंने अपना चारागाह बना रखा है अभय मिश्रा का केवल एक ही मकसद है कि किसी भी तरह से वर्तमान विधायक को बदनाम करके उनकी छवि को धूमिल किया जाए अभय मिश्रा के ऐसे कारनामों से जनता भली भांति परिचित है केपी त्रिपाठी 8 हजार वोटो से चुनाव जीते थे और आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता के पी त्रिपाठी को 20 हजार से अधिक मतों से चुनाव जिताएगी। अभय मिश्रा के पूर्व दोनों कर्मचारी रहे विवेक गौतम और मंजुल मयंक मिश्रा ने अभय मिश्रा के बारे में कहा कि व्यक्तिगत रूप से अभय मिश्रा द्वारा न सिर्फ विधायक केपी त्रिपाठी को षड्यंत्र करके बदनाम किया जा रहा है बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल तोड़कर भाजपा को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन संगठित भाजपा कार्यकर्ता सभी गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं और किसी भी सूरत में जनता अभय मिश्रा और नीलम मिश्रा को स्वीकार नहीं करेगी उनके कार्यकाल में उनका खुद का विकास हुआ था भाजपा कार्यकर्ताओं और जनता को अपमानित होना पड़ता था और अब अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए अभय मिश्रा द्वारा फिर सेमरिया क्षेत्र को नुकसान पहुंचने का काम किया जा रहा है।

## पुलिस द्वारा जिले में नाईट कोम्बिंग गस्त में की गई कार्यवाही

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के नेतृत्व में जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों द्वारा थाने के बल के साथ दिनांक 30/09/23 एवं 01/10/23 की दरम्यानी रात कोम्बिंग गस्त का अभियान चलाया गया, जिसमें गुन्डा बदमाशों की धरपकड, अवैध गतिविधियो की तलाश, अपराध में फरार आरोपियों की तलाश, स्थायी वारण्टी की तलाश, सम्पत्ति सम्बन्धी आरोपियों पर कार्यवाही की गयी जो निम्नप्रकार है ।

**कार्यवाही का विवरण** -94 जमानती वारण्ट तामील, 104 समंस वारण्ट तामील, 40 गिरफ्तार वारण्ट तामील, 19 स्थायी वारण्ट तामील, 65 हिस्टीशीटर बदमाश चैक, 73 गुण्डा चैक , 67 एटीएम चैक , 04 जिला बदर चैक, 201 वाहन चैक, 08 अवकारी एक्ट कार्यवाही (जिसमें 143 लीटर शराब कीमती-27180रुपये) उक्त कार्यवाही मे समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने बल के साथ उपस्थित होकर सराहनीय कार्यवाही की गयी।



## रतहरा ओवर ब्रिज के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई दर्दनाक मौत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। जिले के सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत रतहरा ओवर ब्रिज बाईपास की है जहां पर बाइक सवार युवक की तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक की ठोकर से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है ट्रक चालक ट्रक लेकर फरार है मौके पर सिटी कोतवाली थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच चुकी है अभी तक ज्ञात नहीं हो पाया है कि मृतक युवक कहां के रहने वाला है पुलिस घटनास्थल में पहुंचकर जांच पड़ताल और कार्यवाही में जुट गई है।

## थाना गोविन्दगढ़ में हुई क्षेत्र के निगरानी गुंडों की परेड

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)**



रीवा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन में आगामी चुनाव को मद्देनज़र रखते हुए गोविन्दगढ़ थाना क्षेत्र के निगरानी गुंडे बदमाश जो जेल से बाहर है सभी को थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल द्वारा थाने में तलब कर स्टाफ सहित समझाइश दी एवं किसी प्रकार अपराध न करने की शख्त हिदायत दी।

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर 'अमन व शांति का पैगाम इंसानियत के नाम 'कार्यक्रम का मऊगंज में हुआ आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेंद्र सिंह ब्यूरो (चीफ मऊगंज)**



मऊगंज। मऊगंज नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर अमन व शांति का पैगाम इंसानियत के नाम कार्यक्रम का आयोजन जानिब जुमला जमाअत अहले सुन्नत जिला मऊगंज के द्वारा आयोजित किया गया ।इस खूबसूरत कार्यक्रम के चार चांद हुजूर दाइए इस्लाम शेख अबू सईद शाह एहसानुल्लाह मोहम्मदी सफवी चिश्ती साहब किबला खानकाले आरिफिया सैयद सरावा कौशांबी रहे। इस कार्यक्रम में तमाम मौलानाओं ने अपने विचार रखें जिसमें प्रमुख रूप से सैयद समुमीद्दीन मुन अमी पटना बिहार से आए हुए अतिथि ने अपने विचार रखें। जिसमें उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि जल कभी मजहब नहीं पूछता जिसमें लोग अपने गुनाह भी धोते हैं उस जल को पीते भी हैं लेकिन कभी जल ने किसी से मजहब नहीं पूछा तो इंसान कौन होता है मजहब पूछने वाला। सैयद साहब ने अपने वक्तव्य में कहा कि गुरु चलती फिरती यूनिवर्सिटी है ,ओपन यूनिवर्सिटी है। गुरु राजनीति कार्यकर्ता की तरह नहीं किसी को रखना जो समय आने पर बदल जाए कोई भी गुरु अपने शिष्य को गलत रास्ते पर चलने की प्रेरणा नहीं देता। उन्होंने लोगों से पूछा कि आप ईश्वर को याद करते हो लेकिन ईश्वर के चलने का ईश्वर के कार्य करने का ,सोच का जो ढंग है उसको हम नहीं अपनाते, हमें उसके चाल ढाल विचार को अपनाना चाहिए तभी हम सच्चे अर्थों में अपने रब को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म क्या है मजबूर की मदद करना इस तरह है जैसे रात भर जागकर खड़े होकर रब को याद करना और दिन भर रोजा रखना दोनों बराबर है इसीलिए अल्लाह कहते हैं कि किसी मजबूर की मदद कर देना मुझे याद करना या ना करना लेकिन यदि किसी मजबूर दुखिया की मदद किया तो समझ लेना की मुझे याद किया है ।सूफी रोजा जादा क्यों रखते हैं इस पर उन्होंने कहा कि वह भूखे इसलिए रहते हैं कि ताकि भूखे व्यक्ति की सहनशीलता को समझ सके। शब्द और अर्थ की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों में बड़ी खाई है गुरु इनके बीच की दूरी को खत्म करता है। एक जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि रोजा को तोड़ देने का प्रायश्चित है लेकिन दिल को तोड़ना ठीक नहीं। अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि धर्म ने आपको इंसान बनाया इस बात का ध्यान रखना। इस कार्यक्रम मे मौलाना आरिफ, मौलाना मंसूर, मौलाना कारी कलीम, मौलाना शरीफ, मौलाना फखरूज्जमा ,सदर मोहम्मद समीद मऊगंज की विशेष उपस्थिति गरिमा को चार चांद लगा रही थी वही सम्मानित मुस्लिम



समाज के साथ-साथ अन्य बुद्धजीवी भी उपस्थित रहे जिसमें राजू सिंह सेंगर,डॉक्टर मंगल प्रसाद सिंह पूर्व प्राचार्य, डॉ राम निश्चल मिश्रा पूर्व व्याख्याता, बृजवासी पटेल अध्यक्ष नगर परिषद मऊगंज, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष हरिहर प्रसाद शुक्ला,एडवोकेट धीरेंद्र सिंह, डॉक्टर प्रमोद कुमार गुप्ता, प्रमोद सिंह, अरुण श्रीवास्तव, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, उमाशंकर पांडे ,मुंद्रिका प्रसाद तिवारी, श्री प्रकाश गुप्ता, जियाउद्दीन खान, हाफिज वजीर आलम ,डॉक्टर कलीम सिद्दीकी ,अनवर खान सहित हजारों लोग इस कार्यक्रम में सिरकत किये। जामा मस्जिद कमेटी मऊगंज के सदस्यों ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद व्यापित किया।

## संपादकीय

# कनाडा को खरी-खरी

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र में शामिल होने गये विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इस दौरे में जहां राजनय की गरिमा को बनाये रखा, वहीं मौका मिलने पर प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से कनाडा की भारत विरोधी नीति को बेनकाब करने का सार्थक प्रयास किया। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने संबोधन में कनाडा का नाम न लेकर निज्जर प्रकरण से उपजे विवाद में परोक्ष रूप से अपनी बात कही। लेकिन न्यूयार्क में भारत में अमेरिकी राजदूत रहे केनेथ जस्टर के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में एस.जयशंकर ने वैश्विक जगत को कनाडा के आरोपों के बाबत बताया कि ऐसा काम करना हमारी सरकार की नीति नहीं है। साथ ही साफ कह दिया कि कनाडा अलगाववादियों के लिये उर्वरा भूमि बना हुआ है। उन्होंने बताया कि हमने कनाडा से स्पष्ट कहा कि अगर आपके पास अपने आरोपों से जुड़ी कोई खास जानकारी है तो हमें उपलब्ध कराएं। इस अवसर का उपयोग करते हुए जयशंकर ने जस्टिन ट्रूडो के मंसूबों को बेनकाब करते हुए कहा कि कनाडा में पृथकतावादी तत्वों से जुड़े संगठित अपराधों के तमाम मामले प्रकाश में आए हैं। जिन पर कई बार कार्रवाई के बाबत कनाडा सरकार को कहा गया है। इस बात के पुख्ता प्रमाण उपलब्ध कराये गये थे कि कनाडा की धरती से तमाम संगठित अपराध संचालित किये जा रहे हैं। जाहिर तौर पर जयशंकर ने दुनिया को यह अहसास कराने का प्रयास किया कि कनाडा सरकार की नाक के नीचे सुनियोजित ढंग से अलगाववादी कार्रवाइयां चल रही हैं। ऐसे तत्वों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला तक किया है। इतना ही नहीं भारतीय राजनयिकों को धमकियां दी गईं। विदेश मंत्री ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयानों के आलोक में कहा कि लोकतंत्र की दुहाई देकर भारत की राजनीति में हस्तक्षेप किया जा रहा है। सही मायनों में भारत–कनाडा के रिश्तों में आई कड़वाहट की हकीकत बताने में एस.जयशंकर सफल रहे। वहीं, यूएन सम्मेलन में भी विदेश मंत्री ने कहा कि वे दिन चले गये हैं जब दुनिया के कुछ बड़े राष्ट्र अपनी सुविधा के लिये एजेंडा तय करते थे और फिर शेष दुनिया को उस पर चलने के लिये बाध्य करते थे। दरअसल, ट्रूडो के आरोपों के बाद कनाडा भी अलग–थलग पड़ता नजर आ रहा है। दरअसल, दुनिया की दूसरी बड़ी शक्तियों को भी उभरते भारत के महत्व का अहसास है। जैसे कनाडा अमेरिका का निकट का सहयोगी है, उस हिसाब से अमेरिका भी उसके आरोपों के समर्थन में खुलकर सामने नहीं आया। दरअसल, जिस खुफिया साझेदारी के संगठन फाइव आइज की सूचना को ट्रूडो आधार बना रहे थे, उस इंटेलिजेंस अलायंस के सहयोगी अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन व न्यूजीलैंड का मुखर समर्थन कनाडा को नहीं मिल पाया। यह भारत की मौजूदा वैश्विक छवि के चलते ही हुआ। यह भी कहा जाता रहा है कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई ने भी इस बाबत जानकारी साझा की थी। बहुत संभव था कि यदि जानकारी पुख्ता होती तो अमेरिका के तेवर तीखे होते। इस बाबत पूछे जाने पर एसद्द जयशंकर ने दो–टूक जवाब दिया कि हम न फाइव आइज का हिस्सा हैं और न ही एफबीआई का, जो इस बाबत जवाब दे सकें। विदेश मंत्री ने कहा कि निज्जर प्रकरण में कनाडा की तरफ से कोई तथ्य उपलब्ध नहीं कराए गये हैं। दरअसल, इससे पहले राजनयिक क्षेत्रों में कहा जा रहा था कि विदेश मंत्री को संयुक्त राष्ट्र महासभा के मंच से कनाडा को संदेश देना चाहिए था। लेकिन हकीकत यह है कि तीसरे विश्व का नेतृत्व करने वाला भारत हमेशा से ही इस मंच का उपयोग वैश्विक मुद्दों को उठाने के लिये करता रहा है। जयशंकर ने महासभा के जरिये साफ कह दिया कि दुनिया की बड़ी राजनीतिक ताकतें हिंसा, उग्रवाद व आतंकवाद पर प्रतिक्रिया अपनी राजनीतिक सुविधा से तय करती हैं। वैश्विक मंच से विदेश मंत्री ने हाल की भारत की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि नई दिल्ली के जी–20 सम्मेलन से हासिल की गूंज आने वाले दशकों में सुनाई देगी। हम विश्व मित्र के रूप में उभरे हैं।

# वहीदा रहमान को फाल्के अवार्ड

**आदित्य नारायण**

*कहा जाता है कि वर्ष 1959 में रिलीज हुई गुरुदत्त की फिल्म 'कागज के फूल' उन दोनों के असफल प्रेम कथा पर आधारित थी। हालांकि बाद के वर्षों में भी वहीदा रहमान ने गुरुदत्त के साथ दो अन्य फिल्में की थीं। इनमें वर्ष 1960 की 'चौदहवीं का चांद' और वर्ष 1962 की 'साहिब बीबी और गुलाम' प्रमुख हैं।*

बेहतरीन फिल्म अभिनेत्री वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के अवार्ड देने की घोषणा एक ऐसी महिला का सम्मान है जिसने अपने जीवन में तरह–तरह की पाबंदियों, रुढ़िवादी विचारों और वर्जनाओं को तोड़ कर अपना मुकाम हासिल किया। वहीदा रहमान ने "आज फिर जीने की तमन्ना है, आज फिर मरने का इरादा है" को फिल्मी पर्दे पर जीकर महिलाओं को अभिव्यक्ति की नई जुबां दी। यद्यपि आज सिनेमा का स्वरूप बदल गया है। फिल्मी कहानियां भी पहले दौर जैसी नहीं रहीं। ग्लैमर की चकाचौंध से प्रभावित फिल्मी संसार का कल्पना लोक बहुत विस्तार पा चुका है। लेकिन लोग आज भी वहीदा रहमान के निभाए गए किरदारों को भुला नहीं सके। वहीदा रहमान का जन्म तमिलनाडु के चेंगल पट्टू में 1938 में तमिल मुस्लिम परिवार में हुआ था और उन्होंने तेलुगू सिनेमा रोजुलु मरई में बाल कलाकार के तौर पर फिल्मी संसार में कदम रखा था। इस समय तक वह भरत नाट्यम की उम्दा नृत्यांगना बन चुकी थी। युवा होने पर वह भारतीय सिनेमा की मुख्यधारा में आने के लिए प्रयास करती रही। इसी दौरान उनकी मुलाकात उस दौर के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्माता निर्देशक गुरुदत्त से हुई। वर्ष 1956 में गुरुदत्त ने वहीदा रहमान को देव आनंद के साथ 'सी.आई.डी.' में खलनायिका की भूमिका में लिया और यह फिल्म बॉक्स–ऑफिस पर सुपरहिट रही। इसके बाद वर्ष 1957 में गुरुदत्त और वहीदा रहमान की क्लासिक फिल्म 'प्यासा' रिलीज हुई। यह फिल्म गुरुदत्त और वहीदा के बीच प्रेम–प्रसंग को लेकर काफी चर्चा में रही। कहा जाता है कि वर्ष 1959 में रिलीज हुई गुरुदत्त की फिल्म 'कागज के फूल' उन दोनों के असफल प्रेम कथा पर आधारित थी। हालांकि बाद के वर्षों में भी वहीदा रहमान ने गुरुदत्त के साथ दो अन्य फिल्में की थीं। इनमें वर्ष 1960 की 'चौदहवीं का चांद' और वर्ष 1962 की 'साहिब बीबी और गुलाम' प्रमुख हैं। इसके अलावा वहीदा की गुरुदत्त के साथ दो अन्य क्लासिक फिल्में '12 ओ' क्लॉक' (1958) और फुल मून (1961) भी हैं। फिल्मों में देव आनंद के साथ वहीदा रहमान की जोड़ी खूब जमी थी। दोनों ने हिंदी फिल्म जगत को पांच सुपरहिट फिल्में दी थीं। ये फिल्में हैं–सी.आई.डी., सोलहवां साल, काला बाजार, बात एक रात की और गाइड। इसके अलावा दोनों ने दो और फिल्में 'रूप की रानी चोरों का राजा' और 'प्रेम पुजारी' की थीं, परंतु दुर्भाग्यवश आलोचकों की सराहना के बावजूद बॉक्स–ऑफिस पर दोनों फिल्में फ्लॉप रहीं। फिल्म गाइड में वहीदा द्वारा अभिनीत चरित्र 'रोजी' और उनके अभिनय को






उस जमाने में काफी सराहा गया था। रोजी नाम की एक महिला का अपने पति को छोड़कर अपने प्रेमी के साथ प्रेम–प्रसंग, उस समय एक आम भारतीय पारंपरिक परिवार के लिए स्वीकार्य न होने के बावजूद फिल्म का सुपरहिट होना वहीदा और देव आनंद के सशक्त अभिनय का परिणाम था। उस समय वहीदा रहमान ने भी माना था कि अगर उसे फिर से 'गाइड' जैसी फिल्म में अभिनय करने का मौका मिलेगा तब भी वह संभवतः ही 'रोजी' जैसी चरित्र को निभा पाएंगी। उन्होंने दिलीप कुमार, मनोज कुमार, सुनील दत्त, राज कपूर और धर्मेन्द्र के साथ भी फिल्में कीं और पर्दे पर हलचल मचाए रखी। 1974 में उस दौर के सुपर स्टार अभिनेता राजेश खन्ना के साथ आई फिल्म खामोशी ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाए रखी। कभी–कभी आप के बोये हुए पेड़ बहुत देर तक फल देते रहते हैं। वहीदा रहमान के साथ भी यही हुआ। उनके बेहतरीन अभिनय के चलते उनकी फिल्में सुपरहिट रहीं, लेकिन नम्बर गेम में वह कभी शामिल नहीं हुईं। प्यासा में माला सिन्हा और साहब बीबी और गुलाम में मीना कुमारी के साथ होने पर उनकी सफलता बंट गई, लेकिन उनके अभिनय की तारीफ जारी रही। उन्होंने हमेशा अपनी शर्तों पर काम किया और उन्होंने अपना स्वाभिमान और आत्म सम्मान बनाए रखा। नम्बर वन का सिंहासन पाने की उनकी कभी कोई इच्छा नहीं रही। उस दौर में कई नई अभिनेत्रियां आईं, लेकिन अभिनेत्री के तौर पर वहीदा जी की रेंज उनको निरंतर प्रतिष्ठापित करती रही। ऐसा नहीं था कि उन्होंने असफलता का स्वाद नहीं चखा। उनकी राह भी इतनी सपाट नहीं थी। उस दौर में शर्मिला टैगोर, मुमताज, हेमा मालिनी, जया भादुड़ी दर्शकों की कसौटी पर थीं। उम्र होने पर वहीदा जी ने अमिताभ बच्चन के साथ मां की भूमिका भी निभाई। फिल्म गाइड की रोजी, तीसरी कसम की हीरा बाई, नीलकमल की नीलकमल की भूमिका एक जीवंत दस्तावेज बन चुकी है। फिल्म उद्योग में वहीदा रहमान को बड़ा सम्मान प्राप्त है। उन्हें सम्मान दिए जाने से स्वयं दादा साहब फाल्के पुरस्कार की प्रतिष्ठा बढ़ी है। यह घोषणा भी सदाबहार अभिनेता देवानंद की जन्मशती पर की गई। यह वास्तव में एक बड़ा संयोग भी है।

# सांसदी से विधायकी की भाजपायी उलटबांसी

भारतीय जनता पार्टी प्रयोगों के नये दौर से गुजर रही है। दुनिया में नेतृत्व व जनप्रतिनिधित्व का विकास नीचे से ऊपर तरफ होता है। कतिपय अपवादों को छोड़कर अपने कार्यकर्ताओं को ग्राम पंचायत या पार्षद स्तर से विधायकी और फिर वहां से सासंदी का रास्ता दिखलाया जाता है लेकिन भाजपा में उल्टी धारा बह रही है। इसी नवम्बर में जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे हैं उनमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ भी हैं। दोनों राज्यों के अब तक जितने उम्मीदवारों की घोषणा हो चुकी है उनमें अनेक ऐसे हैं जो साफ तौर पर भाजपायी प्रयोग के गिनीपिग बनाये जा रहे हैं। ये सांसद हैं लेकिन उन्हें विभिन्न विधानसभाई सीटों पर लड़ाया जा रहा है। कुछ तो मंत्री भी हैं। संसद सदस्यों को राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये उतारना साबित करता है कि भाजपा के पास मुद्दों के साथ–साथ चेहरों की भी कमी है। हालांकि कई राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इसके पीछे पार्टी के सर्वेसर्वा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनके प्रमुख सहयोगी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सुनियोजित चाल हो सकती है। देखना होगा कि यह कदम आत्मघाती साबित होता है या सफलता दिलाएगा। छत्तीसगढ़ की पहले बात कर लें! यहां भाजपा बेहद कमजोर स्थिति में है जहां 90 सीटों वाले सदन में उसके केवल 14 सदस्य हैं। यहां जिन प्रत्याशियों के नामों का ऐलान हो गया है, उनमें दुर्ग से लोकसभा में पहुंचे विजय बघेल को उनके चाचा व प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ पाटन क्षेत्र से उतारा गया है। यह सीट दुर्ग की 8 विधानसभा सीटों में से एक है। राज्यसभा के सदस्य रामविचार नेताम सरगुजा क्षेत्र की रामानुजगंज सीट से चुनाव लड़ेंगे। रायपुर (शहर) सीट पर वर्तमान विधायक श्रीचंद सुंदरानी के साथ ही राजधानी के पूर्व महापौर सुनील सोनी का नाम सबसे आगे चल रहा है जो इस वक्त रायपुर के सांसद हैं। बिलासपुर सीट का लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने वाले अरूण साव भाजपा के अध्यक्ष हैं जिनके बारे में कहा जा रहा है कि उन्हें बिलासपुर विधानसभा सीट से लड़ाया जा सकता है ताकि जीत की स्थिति में (जो वर्तमान परिदृश्य में दूर की कौड़ी है) उनका ओबीसी चेहरा काम आ सके और भूपेश बघेल का यह चुनाव प्रचार के दौरान जवाबी नाम भी हो। छत्तीसगढ़ की पिछले मुख्यमंत्रियों के समय से यह परम्परा बनी है कि जो पार्टी अध्यक्ष बहुमत दिला सके वही सीएम बन सकता है। 2003 में डॉ. रमन सिंह को सीएम पद इसलिये मिला था क्योंकि उन्हीं के नेतृत्व में भाजपा जीती थी। ऐसे ही, भूपेश बघेल की अध्यक्षता में कांग्रेस जीती जिसके बाद उनकी इस पद की दावेदारी पर पार्टी हाईकमान की मुहर लगी थी। देखना होगा कि अरूण साव को टिकट थमाई जाती है या नहीं और अगर ऐसा होता है तो क्या साव इस मौके को अपने लिये भुना पायेंगे? छत्तीसगढ़ की केन्द्रीय मंत्रिमंडल में एकमात्र प्रतिनिधि सरगुजा लोकसभा क्षेत्र की सांसद रेणुका सिंह हैं। क्या उन्हें भी छग में किसी सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ने के लिये कहा जायेगा? अब तक इसका खुलासा नहीं हुआ है। हालांकि



अभी काफी सीटों पर नाम घोषित होने बकाया हैं। खैर, मध्यप्रदेश का मसला और भी दिलचस्प है। पेचीदा भी। छग में तो भाजपा के पास खोने के लिये कुछ नहीं है परन्तु मप्र में तो पूरी सरकार ही उसकी झोली से सरक सकती है। वैसे भी पिछली बार कांग्रेस की ही सरकार बनी थी। कमलनाथ के नेतृत्व में वह डेढ़ साल चली भी परन्तु ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगुवाई में दर्जन भर से ज्यादा विधायकों को तोड़कर अपने पक्ष में लेते हुए शिवराज सिंह के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी थी। इस लिहाज से यह पराजित पार्टी की सरकार है। इस बीच सरकार के खिलाफ जन आक्रोश तगड़ा है। वहां तीन तरह की भाजपा बतलाई जाती है– शिवराज की, महाराज की (सिंधिया) और नाराज की (असंतुष्टों की)। यहां पीएम व शाह के लगातार दौरे हो रहे हैं लेकिन हालत सुधरने के नाम नहीं ले रहे हैं। उल्टे, कांग्रेस सतत मजबूत हो रही है। ज्योतिरादित्य के निकटस्थ कई लोग कांग्रेस में लौट चुके हैं। पिछले हफ्ते मोदी जब आये तो उन्होंने मंच पर शिवराज से जो व्यवहार किया तथा सम्बोधन के दौरान उनका नाम तक नहीं लिया, उससे कुछ साफ संकेत मिल रहे हैं। कहा जा रहा है कि चौहान साहब अब मोदी के विश्वासपात्र नहीं रहे। उन्हें निपटाने के लिये ही मोदी–शाह ने तीन केन्द्रीय मंत्रियों– प्रह्लाद पटेल, नरेन्द्र सिंह तोमर, फग्गन सिंह कुलस्ते समेत 7 सांसदों को विधानसभा सीटों की टिकटें थमाकर राज्य में भेज दिया है। इतना ही नहीं, राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय सहित, जो कभी खुद ही प्रत्याशी तय करते थे, अब इंदौर–1 से चुनाव लडेंगे। कहा जाता है कि मप्र भाजपा के सामने मुद्दों के साथ चेहरों के भारी अभाव के ही चलते भाजपा ने इतने सांसदों को उतारा है। अब भाजपा को बहुमत मिलता है तो मुख्यमंत्री पद के लिये और हारती है तो विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के लिये बड़ों के बीच घमासान तय है। मजेदार बात यह है कि अब तक खुद शिवराज सिंह चौहान की उम्मीदवारी का अता–पता नहीं है। अगर वे चुनावी मैदान में नहीं उतारे जाते तो किसके चेहरे पर पार्टी चुनाव लड़ेगी, यह सवाल भी बड़ा है। स्थानीय चेहरे के अभाव में यह चुनाव अपने आप मोदी की छवि और उन्हीं के चेहरे पर लड़ा जायेगा। पराजय सामने दिख रही है, तो ऐसे में क्या मोदी अपना नाम राज्य इकाई को उधार देंगे? रणनीति की यह उलटबांसी भाजपा के लिये वरदान बनती है या कयामत– देखना दिलचस्प होगा।

# आया चुनावी यात्राओं का मौसम

भारत अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ चुका है। दिसम्बर महीने तक पांच राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना व मिजोरम में संभवतः चुनाव आ जायेंगे और उसके बाद अगले साल के अप्रैल महीने से लोकसभा के चुनाव शुरू हो जायेंगे। इन चुनावों की तैयारी हालांकि दो स्तरों राज्य व देश स्तर पर करने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा व विपक्षी पार्टी कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन ने करनी शुरू कर दी है। पिछले तीस वर्षों के भीतर देश की राजनीति में जन यात्राओं का प्रचलन जिस तरह बढ़ा है उससे राजनैतिक दलों की चुनावी रणनीति में अन्तर भी देखा जा सकता है। पहले जहां राजनैतिक दल जनसभाओं पर जोर देते थे वहीं अब यात्राओं पर भी बराबर का जोर देने लगे हैं। इस परंपरा को हम लोकतन्त्र को अधिकाधिक लोकमूलक बनाने की दिशा में भी कह सकते हैं क्योंकि कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी ने अपनी 'भारत–जोड़ो यात्रा' से सिद्ध कर दिया कि सीधे जनता के सम्पर्क में आने पर सुप्त जन विमर्शों को भी खड़ा किया जा सकता है। उनकी इस यात्रा की सफलता ने देश के दूसरे राजनैतिक दलों को भी प्रेरित किया है। वर्तमान में राजनैतिक यात्राएं चुनावी मौसम में करने का प्रतिफल भी तुरन्त ही प्राप्त होता है जिसे देखते हुए केन्द्र में सत्तारूढ़ भाजपा पार्टी ने अपनी मोदी सरकार की जन– कल्याणकारी योजनाओं को गांव–गांव तक पहुंचाने की गरज से 'ग्रामीण संवाद यात्राएं' शुरू करने का फैसला किया है। ये यात्राएं लोकसभा चुनावों से पहले अक्तूबर या नवम्बर महीने से शुरू की जायेंगी। दूसरी तरफ राजस्थान राज्य के चुनावों के सन्दर्भ में इस राज्य के कांग्रेसी मुख्यमन्त्री श्री अशोक गहलोत पूरे सूबे की तीन हजार किलोमीटर से अधिक की यात्रा 'मिशन –2030' के लक्ष्य के साथ लगातार नौ दिन तक करेंगे। गहलोत का लक्ष्य है कि राजस्थान को 2030 तक भारत का नम्बर एक राज्य उनकी सदारत में बना दिया जायेगा। बेशक यह यात्रा राज्य के चुनावों से पहले ही पूरी की जायेगी जिससे उनकी पार्टी कांग्रेस के विभिन्न कार्यक्रमों से जनता भली–भांति परिचित हो सके। केन्द्र का भी लक्ष्य यही है कि मोदी सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई हैं या आम लोगों को सुविधाएं दी हैं उनका गांव–गांव में प्रचार किया जाये और जो लोग इन योजनाओं से वंचित रह गये हैं मगर पात्र बनने के अधिकारी हैं उनका पंजीकरण किया जाये। केन्द्र की योजनाएं लोगों की जरूरतों को देखते हुए बनाई गई हैं। इनमें प्रधानमन्त्री किसान, मुद्रा, जनधन, आवास व विश्वकर्मा योजनाएं प्रमुख हैं। जबकि राजस्थान सरकार की गहलोत यात्रा में जोर इस बात पर होगा कि उनकी सरकार विधानसभा में विभिन्न कानून बनाकर गरीब व दलित और पिछड़े लोगों के हक में कौन–कौन से कानून बनाकर उन्हें जड़ से सशक्त किया है और हमेशा के लिए उनका अधिकार बना दिया है। इन कानूनों के बन जाने से किसी किसान की जमीन बैंक अपना कर्जा वसूल करने के लिए खर्च नहीं कर सकते और हर व्यक्ति का 25 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा होगा जिससे वह निजी व सरकारी अस्पतालों में इलाज मुफ्त करा सकता है। वहीं केन्द्र की भी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना है जिसमें पांच लाख रुपए तक का बीमा है। गहलोत सरकार ने किसानों की फसलों का बीमा कराने के लिए भी कानून बनाया है जबकि केन्द्र की किसान फसल बीमा योजना भी लागू है। इसी प्रकार केन्द्र सरकार की ग्रामीण संवाद यात्राओं का लक्ष्य भी मोदी सरकार द्वारा किये गये कार्यों के बारे में आम लोगों को बताना और नये लाभार्थियों का पंजीकरण करना होगा। इसका उद्देश्य भी चुनावी प्रचार ही है। फर्क सिर्फ यह है कि सरकार खुद गांवों में जाकर लोगों को अपने कार्यक्रमों के बारे में बतायेगी। केन्द्र की ग्रामीण संवाद यात्राएं भारी शान वाली होंगी जिसके लिए 1500 रथ तैयार किये जायेंगे जो जीपीएस प्रणाली से लैस होंगे और इनकी निगरानी ड्रोन भी करते चलेंगे। ये रथ कुल ढाई लाख ग्राम पंचायतों में जायेंगे। ये यात्राएं कम से कम दो महीने तक चलेंगी। जाहिर है कि राजनैतिक दल ऐसी यात्राओं का आयोजन चुनावों में तुरन्त लाभ कमाने की दृष्टि से ही करती हैं परन्तु इसका लाभ आम जनता के राजनैतिक रूप से सजग होने में भी होता है। यह सवाल भी अक्सर जनता के बीच राजनैतिक दल उठाते रहते हैं कि लोकतन्त्र में गरीबों या आम आदमी को सुविधाएं शासन की कृपा से नहीं मिलतीं बल्कि कानून बनाकर उन्हें देने से हमेशा के लिए मिलती हैं क्योंकि इस व्यवस्था में आम आदमी की भागीदारी शासन में होती है। इसी वजह से लोकतन्त्र में बनी सरकार को जनता की भागीदारी से बनी सरकार कहा जाता है। देश में राजनैतिक दलों की सरकारें अदल–बदल सकती हैं मगर जनता को मिले कानूनी अधिकार नहीं बदलने का साहस कोई भी राजनैतिक दल नहीं कर सकता।

# वृद्धजन हमारे समाज की बहुमूल्य धरोहरः अनुराग वर्मा

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया 80 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं का सम्मान

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सतना जिले में मतदान केन्द्र, ग्राम और वार्ड स्तर पर 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित वृद्धजन दिवस के कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने सतना और रामपुर बघेलान विधानसभा के 15 वृद्वजन मतदाताओं को शाल-श्रीफल एवं स्टिक भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार, स्वीप के सहायक नोडल आफीसर सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी, महाविद्यालय की एनएसएस प्रभारी क्रांति मिश्रा, सहित स्वीप के ब्रांड एम्बेसडर भी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने कृष्णनगर सतना के शतायु मतदाता श्री जगबहादुर सिंह के हाथों से दीप प्रज्जवलित कर कराया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि वृद्धजनों के अनुभव हमारे समाज की बहुमूल्य धरोहर होते हैं। जिनसे प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बड़ा जा सकता है। समाज और राष्ट के लिए वृद्वजनों का अनुभव अमूल्य और दिशा-दर्शक होता है। उन्होंने कहा कि मतदान के समय वृद्धजनों का उत्साह और मतदान के कर्तव्य को निभाते हुए उनकी तस्वीरें देखना एक सुखद अहसास होता है। आगामी विधानसभा चुनाव नजदीक है। उन्होंने कहा



कि सभी वरिष्ठ मतदाता अपना मतदान जरूर करें तथा परिवारजनों और आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरणा दें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे 80 प्लस आयु के मतदाता जो मतदान केन्द्र पर मतदान करने में असुविधा महसूस करते हैं। उन्हें मांग किये जाने पर घर पर भी मतदान की सुविधा दी गई है। लेकिन इसके लिए उन्हें पूर्व में फार्म 12 डी भरकर सुविधा की मांग करनी होगी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी अपने हिस्सेदारी और भूमिका मतदान कर जरूर निभायें। उप संचालक सामाजिक न्याय और स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी सौरभ सिंह ने वृद्वजनों को विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए बताया कि वृद्वजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए टोल फ्री नम्बर 14567 पर एल्डर लाइन के नाम से हेल्पलाइन सेवा भी शुरू की गई है। अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर सतना विधानसभा क्षेत्र के कृष्णनगर निवासी शतायु मतदाता जगबहादुर सिंह धवारी के 90 वर्षीय रामप्रकाश चतुर्वेदी, डालीबाबा के 88 वर्षीय रघुनाथ त्रिपाठी, प्रेमनगर की 86 वर्षीया श्रीमती चंदा देवी, सतना के 84 वर्षीय श्री निवास रैकवार, प्रेमनगर के 83 वर्षीय रामलखन, धवारी के रामजी गर्ग, प्रेम विहार के 82 वर्षीय शिवराज कुमार, सतना के 82 वर्षीय हरिप्रकाश गोस्वामी, जवाहरनगर के 80 वर्षीया श्रीमती शकुंतला देवी, धवारी के मंगल प्रसाद, रामपुर बघेलान विधानसभा के अबेर निवासी 98 वर्षीय रामाश्रय सिंह, सिंधौली के 95 वर्षीय रामाश्रय, रामपुर बघेलान के 85 वर्षीय तेजभान सोनी, रामशरण तिवारी और प्रेमसखा सिंह को शाल-श्रीफल और स्टिक भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उपस्थित वयोवृद्ध मतदाताओं को संकल्प पत्र भरवाये तथा मतदान की शपथ भी दिलाई गई। सभी सम्मानित वृद्धजनों ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ स्वीप शेल्फी भी खिंचवाई। सतना जिले में वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार सात विधानसभा क्षेत्रों में 23 हजार 152 मतदाता 80 प्लस आयु वर्ग के हैं।

## किशन लाल मुकाती ने विभिन्न संस्थाओं में सहयोग राशि भेंट कर मनाया जन्मदिन

**पुष्पाजंली टुडे**



**मध्यप्रदेश।** अखिल भारतीय सिर्वी महासभा प्रदेश प्रतिनिधि व गायत्री परिवार के संयोजक समाज को नई दिशा देने वाले परंपराओं की तुलना में विवेक को महत्व देने वाले समाज को नशा मुक्त बनाने का विचार रखने वाले 23 साल से मृत्यु भोज नहीं करने जिन्होंने 20 साल से चाय छोड़ दी चाय की ड़10 रोज की बचत से 20 साल से ड़200000 हो गए बैंक में जमा करड़11000 प्रति वर्ष ब्याज मिलता है अपने जन्म दिवस पर 11000 हर वर्ष। गौशाला में देते हैं। ऐसे समाजसेवी किशन लाल मुकाती कोदलाखेंड़ी 65 वे जन्म दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई मां भगवती से प्रार्थना करते हैं कि स्वस्थ रहे सुखी रहे संपन्न रहे समाज को उनका मार्गदर्शन मिलता रहे ।

## बासनी जोधराज गांव में श्री आई माताजी के धर्म रथ व वैल का भव्य बन्धावा

**पुष्पाजंली टुडे**



**पाली।** सोजत सोजत तहसील के बासनी जोधराज गांव में शनिवार को सीरवी समाज बासनी जोधराज द्वारा सीरवी समाज की आराध्य देवी श्री आई माताजी का धर्म रथ वैल का बंधावा किया गया। बंधावा में बासनी जोधराज गांव के समस्त सीरवी भाई, बहिन, बच्चों और बुजुर्गो ने श्री आई माताजी के धर्म रथ व वैल को तिलक व आरती कर के बंधावा किया फिर वैल मण्डली के जती बाबा, दीपाराम काग व महेन्द्र राठौड़ कपासी को माला पहनाकर स्वागत किया फिर बासनी जोधराज गांव के बेरा बावड़ी से श्री आई माता जी के धर्म रथ को ढोल नगाड़ों के साथ सीरवी समाज बासनी जोधराज की वढेर में श्री आई माताजी का धर्म रथ को लेकर गए। साथ मे सीरवी समाज बासनी जोधराज के कोटवाल वोराराम सेपटा, जमादारी सोहनलाल चोयल, एवं समाज के पुजारी डुंगाराम सेपटा, पेमाराम सेपटा,मिश्रीलाल सेपटा, डावरराम भायल,नारायणलाल सेपटा, घीसाराम सेपटा, कानाराम चोयल, मोतीलाल सेपटा, रुपाराम सेपटा,के साथ समस्त सीरवी समाज बासनी जोधराज समाज के बन्धु गण उपस्थित रहे। यह जानकारी सीरवी राजुराम चोयल दी।

## जिले में स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन बनाएंगे : कलेक्टर

### स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में जन जागरूकता हेतु डाक विभाग ने निकाली स्वच्छता मैराथन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । जिले के ऐतिहासिक गौरी सरोवर से प्रमुख मार्गो से होते हुए बजरिया बाजार तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वच्छता मैराथन आयोजित की गई। जिसको कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर वी.पी. राठौर अधीक्षक डाकघर मुरैना सम्भाग, निशा नरवरिया पोस्टमास्टर भिण्ड उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव द्वारा इस अवसर पर स्वच्छता अभियान को भिण्ड जिले में जन आंदोलन में परिवर्तित कर जन भागीदारी का आह्वान किया और डाक विभाग के इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा भिंड जिले में स्वच्छता अभियान को आंदोलन बनाया जायेगा। स्वच्छता मैराथन में विभिन्न स्लोगन एवं स्वच्छता जागरूकता उपाय के साथ कलेक्टर एवं सभी के द्वारा सक्रिय रूप से भाग लिया गया। पूरे देश में 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 1 अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी स्तर पर 1 घंटे के श्रमदान हेतु विशेष निर्देश स्वच्छता अभियान 3.0 के अंतर्गत प्राप्त हुए थे। डाक विभाग के विभिन्न कर्मियों द्वारा स्वच्छता के संबंध में विभिन्न जन जागरूकता पट्टीकाओं व बैनर के माध्यम से गौरी सरोवर से मैराथन प्रारंभ कर बजरिया बाजार तक समाप्त की गई। इसका मुख्य उद्देश्य भिण्ड के आम जन को जन भागीदारी के माध्यम से स्वच्छता के बारे में जागरूक करना है। अधीक्षक चंबल संभाग मुरैना वी.पी. राठौर ने डाकघर द्वारा स्वच्छता अभियान तथा मतदाता जागरूकता हेतु किया जा रहे विभिन्न प्रयासों की जानकारी साझा की।

## वरिष्ठ मतदाता लोकतंत्र को मजबूत करने वाले स्तंभ हैं : कलेक्टर

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर 80 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं का कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया सम्मान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला पंचायत सभागार में आयोजित वरिष्ठ मतदाता सम्मान समारोह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव, सीईओ जिला



पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप कार्यक्रम मनोज सरियाम ने जिले के वरिष्ठ मतदाताओं का सम्मान शॉल, श्रीफल एवं फूल माला पहनाकर किया। वरिष्ठ मतदाताओं के इस सम्मान समारोह में एसडीएम भिण्ड रवि मालवीय, महिला बाल विकास अधिकारी संजीव जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने सम्मान समारोह में शामिल हुए वरिष्ठ मतदाताओं से उनकी कुशलक्षेम जानी तथा उनके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की। उन्होंने वरिष्ठ मतदाताओं से मतदान को लेकर उनके अनुभव भी जाने। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि वरिष्ठ मतदाता भारत के पहले आम चुनाव से लेकर अब तक चुनाव प्रक्रिया में होने वाले विभिन्न सुधारों के साक्षी बने हैं तथा लोकतंत्र को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठजनों ने आजादी के बाद से सभी लोकसभा चुनावों, विधानसभा चुनावों तथा पंचायत चुनावों में भाग लिया है। ऐसे मतदाता लोकतंत्र को मजबूत करने वाले स्तंभ हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आयोजित वरिष्ठ मतदाता सम्मान समारोह कार्यक्रम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देखा एवं सुना गया।

अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित वरिष्ठ मतदाता सम्मान समारोह अंतर्गत जिले के विभिन्न अधिकारियों द्वारा जिले के हजारों वरिष्ठ मतदाताओं का तिलक लगाकर, फूल माला पहनाकर सम्मान किया गया। जिनकी आयु 80 वर्ष या इससे अधिक की है। वरिष्ठ मतदाता सम्मान समारोह जिले के सभी पंचायत भवन, शाला भवन एवं नगरीय क्षेत्र में वार्डवार आयोजित किया गया और वरिष्ठ मतदाताओं को इस समारोह में आमंत्रित किया गया। साथ ही उनके आवागमन की विशेष व्यवस्था की गई। शेष वरिष्ठ मतदाताओं को जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा आज उनके घर जाकर तिलक लगाकर और फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

## सतना से दिल्ली पहुंचे मजगामा कि जनपद अध्यक्ष रेणुका जायसवाल एवं सरपंच दिल्ली में संकल्प सप्ताह में

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी, ब्यूरो चीफ सतना**



राष्टीय राजधानी दिल्ली में त्र 20 की सफल मेजवानी करने वाले ऐतिहासिक भारत मंडपम में भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी गौरवमयी उपस्थित में आयोजित संकल्प सप्ताह (सबकी आकांक्षाएं सबका विकास) में पधारे समूचे देश भर के सरपंच साथियों एवं जनपद पंचायत मझगवां की अध्यक्षा श्रीमती रेणुका जयसवाल जी, सांसद प्रतिनिधि श्री निरंजन जयसवाल ,व सरपंच संघ के अध्यक्ष श्री शिव कुमार पाण्डेय जी, सरपंच बांधी श्री जुगल किशोर कुशवाहा जी, कंदर सरपंच श्री उमाशंकर पांडेय व अन्य अधिकारियों के साथ शामिल होने हुए।

## स्वच्छता के साथ चला स्वीप अभियान नचनौरा में

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में रविवार को स्वच्छता श्रमदान के साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए मतदाता जागरूकता की स्वीप गतिविधियों का अभियान भी चलाया गया। ग्राम पंचायत, नचनौरा में शासकीय माध्यमिक शाला नचनौरा और ग्राम पंचायत मकर में स्वच्छता अभियान के साथ शपथ भी लिया गया इस दौरान ग्राम पंचायत नचनोरा के सरपंच योगेंद्र शुक्ला सचिव उमेश गौतम माध्यमिक शाला नचनोरा के प्रधानाध्यापक ओमकार नारायण गौतम पूर्व सरपंच विजय बहादुर सिंह रोजगार सहायक बृजेश वर्मा पत्रकार राजेश तिवारी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सांसद गणेश सिंह ने दिलाई स्वच्छता सेवा की शपथ

### पूरे जिले में चला एक घंटे का स्वच्छता सेवा अभियान





**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

एक अक्टूबर को भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय एवं शहरी विकास मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण निकायों में ''एक साथ-एक घंटे'' स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान का आयोजन किया गया। सतना में जिला स्तर पर नगर निगम क्षेत्र में बीटीआई मैदान और थाना कोलगवां से स्वच्छता रैली निकाली गई। जो फ्लाई ओव्हर और आरओबी ब्रिज होती हुई सिविल लाइन चौपाटी में संपन्न हुई। कोलगवां थाना से स्वच्छता अभियान की विशाल रैली को सांसद सतना गणेश सिंह और महापौर योगेश ताम्रकार, कलेक्टर अनुराग वर्मा, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गहलोत ने कोलगवां थाना परिसर में साफ-सफाई में श्रमदान सहयोग कर हरी झंडी दिखाई। सांसद गणेश सिंह ने सभी उपस्थित जनों को स्वच्छ भारत और स्वच्छता में श्रमदान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पूरे भारत में स्वच्छता की अलख जगाई। पूरे देश में पिछले 9 वर्षों में साफ-स्वच्छ भारत की तस्वीर दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि आज लोगों में स्वच्छता उनकी दैनिक जीवनचर्या में शामिल होकर आदत में शुमार होती जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक प्रतिवर्ष 100 घंटे स्वच्छता के कार्यों के लिए श्रमदान करने का संकल्प ले। इस लिहाज से प्रति सप्ताह कम से कम 2 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान के लिए समर्पित करें। महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि हमारे प्रदेश का इंदौर शहर पूरे देश में स्वच्छता के मामले में लगातार 6 वर्षों से अग्रणी शहर बना हुआ है। हम सतना वासी भी प्रण करें कि हमारा सतना शहर भी स्वच्छता के मामले में नंबर वन शहर बने। नगर निगम सतना के अंतर्गत स्वच्छता श्रमदान की विशाल रैली कोलगवां थाना से प्रारंभ हुई और रीवा रोड होती हुई सिविल लाइन चौपाटी के समापन स्थल तक सभी प्रमुख स्थलों पर साफ-सफाई के लिए श्रमदान किया गया। इस मौके पर पूर्व महापौर ममता पांडेय, विमला पांडेय, विन्ध्य चेंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सुखेजा, नगर निगम के पार्षदगण, सीएसपी महेंद्र सिंह, एसडीएम सिटी नीरज खरे, स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी सौरभ सिंह, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी, जिला आपूर्ति अधिकारी केके सिंह, महाप्रबंधक केंद्रीय सहकारी बैंक सुरेश गुप्ता, नगर निगम के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, योजना प्रभारी, महाविद्यालय की एनएसएस प्रभारी प्रो. क्रांति मिश्रा, विक्रम अवार्ड से सम्मानित रत्नेश पांडेय सहित नगर के प्रमुख गणमान्य नागरिकों ने स्वच्छता श्रमदान के अभियान में हिस्सा लिया।

## सरबजोत-दिव्या ने मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग टीम स्पर्धा में जीता रजत

**हांगझू।** सरबजोत सिंह और दिव्या थाडिगोल की भारतीय टीम ने शनिवार को एशियाई खेल 2023 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। यह जोड़ी स्वर्ण पदक मुकाबले में चीन के झांग बोवेन और जियांग रैनक्सिन के खिलाफ 14-16 से हार गई। भारत ने 4-0 की बढ़त के साथ शुरुआत की जब सरबजोत ने दो 10 से अधिक शॉट लगाए। दोनों टीमों के बीच तीसरी सीरीज 19.8 के स्कोर के साथ साझा की गई। सातवीं सीरीज के बाद चीन ने 7-7 से बराबरी सुनिश्चित करने के लिए जियांग ने दक्षता के साथ शॉट लगाना जारी रखा। लेकिन सरबजोत के दो शॉट्स - 10.8 और 10.5 - की बदौलत भारत ने अगले दो शॉट जीते और स्पष्ट बढ़त के साथ आगे बढ़ गया। हालाँकि, चीन ने जियांग के कुछ उल्लेखनीय शॉट्स की बदौलत अगले तीन राउंड में जीत हासिल की और स्वर्ण पदक हासिल किया। बता दें कि एशियाई खेलों में भारतीय निशानबाजों ने अब तक कुल 19 पदक जीते हैं, जिनमें 6 स्वर्ण, 8 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत ने अब तक कुल 34 पदक जीते हैं. जिनमें आठ स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।




## आईसीसी ने की वनडे विश्व कप के लिए कमेंटरी पैनल की घोषणा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने5 अक्टूबर से शुरू होने वाले आगामी वनडे विश्व कप के लिए कमेंटरी पैनल की घोषणा की। पैनल में शेन वॉटसन, लिसा स्टालेकर, रमीज राजा, रवि शास्त्री, एरोन फिंच, सुनील गावस्कर और मैथ्यू हेडन जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इनके अलावा नासिर हुसैन, इयान स्मिथ, इयान बिशप, वकार यूनिस, शॉन पोलक, अंजुम चोपड़ा और माइकल एथर्टन सहित अधिक अंतरराष्ट्रीय आइकन और पूर्व कप्तान भी कमेंट्री बॉक्स से एक्शन को लाइव सुनाएंगे।इनके अलावा साइमन डूल, मपुमेलेलो मबांगवा, संजय मांजरेकर, केटी मार्टिन, दिनेश कार्तिक, डर्क नैनेस, सैमुअल बद्री, अतहर अली खान, रसेल अर्नोल्ड, हर्षा भोगले, केस नायडू, मार्क निकोलस, नताली जर्मनोस, मार्क हॉवर्ड और इयान वार्ड शामिल हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के बीच मैच के साथ टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। भारत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। टूर्नामेंट का समापन 19 नवंबर को अहमदाबाद में फाइनल के साथ होगा।



## लेवीटोव इंटरनेशनल शतरंज: नेपोमनिशी नें जीता खिताब , आनंद को चौंथा स्थान

**एम्स्टर्डम ,नीदरलैंड।** रूस के शीर्ष शतरंज खिलाड़ी यान नेपोमनिशी नें एक बार फिर लेवीटोव चैस वीक का खिताब अपने नाम कर लिया है । नेपोमनिशी नें कुल 18 राउंड के बाद कुल 12.5 अंक बनाते हुए पहला स्थान हासिल किया , उनका प्रदर्शन इतना अच्छा रहा है की दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले रूस के पीटर स्वीडलर और यूएसए के लेवोन अरोनियन 10.5 अंक बनाकर नेपो से 2 अंक पीछे रहे ।भारत के पाँच बार के विश्व शतरंज चैम्पियन विश्वनाथन आनंद 10 अंक बनाकर चौंथे स्थान पर रहे । तीसरे दिन खराब प्रदर्शन के बाद आनंद नें चौंथे और अंतिम दिन शानदार खेल दिखाया और उन्होने रूस के अलेक्जेंडर ग्रीसचुक , डेनियल डुबोव और इज़राइल के बोरिस गेलफंड को हराया जबकि रूस के व्लादिमीर क्रामनिक और यूएसए के लेवान अरोनियन से ड्रॉ खेल चार अंक बनाए । रूस के डेनियल डुबोव 9.5 अंक बनाकर पांचवें स्थान पर रहे । अन्य खिलाड़ियों मे अजरबैजान के ममेद्यारोव और यूएसए के वेसली सो ( 9अंक ) , ग्रीसचुक 7 अंक ,बोरिस 6.5 अंक और क्रामनिक 5.5 अंक बनाकर क्रमशः छठे से दसवें स्थान पर रहे ।

# डब्ल्यूपीएल : आरसीबी ने बिग बैश विजेता ल्यूक विलियम्स को मुख्य कोच नियुक्त किया

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) ने ऑस्ट्रेलिया के ल्यूक विलियम्स को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सीजन के लिए टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है।

एडिलेड में जन्मे 43 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर ने दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला है। एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच के रूप में अपने चार सीज़न के कार्यकाल में, विलियम्स ने दो उपविजेता रहने के बाद 2022-2023 में टीम को पहली महिला बिग बैश लीग का खिताब दिलाया। साउदर्न ब्रेव के साथ सहायक कोच के रूप में जुड़े ल्यूक ने प्रदर्शन-उन्मुख दृष्टि के साथ किस्मत बदल दी और टीम को उनकी पहली महिला हंड्रेड चैम्पियनशिप का खिताब दिलाया। उन्होंने महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (50 ओवर) में साउथ ऑस्ट्रेलियन स्कॉर्पियन्स के साथ चार साल बिताए और उनके मार्गदर्शन में टीम दो मौकों पर उपविजेता रही। वह इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड का दौरा करने वाली ऑस्ट्रेलिया ए टीम के मुख्य कोच थे।इस अवसर पर, डियाजियो इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी और आरसीबी के अध्यक्ष प्रथमेश मिश्रा ने कहा, मैं ल्यूक विलियम्स का हार्दिक स्वागत करता हूं क्योंकि वह आरसीबी महिला टीम की कमान संभाल रहे हैं। उनकी विशेषज्ञता और नेतृत्व के साथ, हमारा लक्ष्य है रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की भावना को मूर्त रूप देना, साहसपूर्वक खेलना और दृढ़ संकल्प, जुनून और उत्कृष्टता की निरंतर खोज से भरी यात्रा शुरू करना, जिसका लक्ष्य हमारे प्रशंसकों और समर्थकों को गौरवान्वित करना है।



वहीं, विलियम्स ने कहा,'मैं आरसीबी के साथ यह अवसर मिलने पर रोमांचित हूं और डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीज़न के लिए टीम के साथ तैयारी शुरू करने का और इंतजार नहीं कर सकता। मैं एक ऐसे खेल समूह के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं जो भारतीय और विश्व क्रिकेट के कई सबसे रोमांचक खिलाड़ियों की मेजबानी करेगा क्योंकि हम अपने विशाल और भावुक प्रशंसक आधार के लिए खेल की एक साहसिक और रोमांचक शैली और सफलता लाना चाहते हैं।'

आरसीबी आगे आने वाले अवसरों को लेकर उत्साहित है और आगामी सीज़न के लिए एक मजबूत और प्रतिस्पर्धी महिला क्रिकेट टीम बनाने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रही है। टीम मैदान के अंदर और बाहर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रीति 54 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में, ओलंपिक कोटा किया हासिल




**हांगझू।** भारतीय मुक्केबाज प्रीति पवार ने हांगझू में चल रहे एशियाई खेलों में 54 किलोग्राम महिला मुक्केबाजी स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, जिससे उन्होंने न केवल कम से कम कांस्य पदक सुनिश्चित किया बल्कि पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए कोटा भी हासिल किया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की ज़ैना शेकरबेकोवा को अंकों के आधार पर 4-1 से हराया। चार जजों ने भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में फैसला सुनाया जबकि केवल एक जज ने ज़ैना के पक्ष में फैसला सुनाया। मुकाबला बराबरी का रहा क्योंकि दोनों मुक्केबाजों के बीच बमुश्किल एक अंक का अंतर था निकहत के बाद प्रीति मुक्केबाजी में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए कोटा हासिल करने वाली दूसरी भारतीय मुक्केबाज बन गईं। मौजूदा विश्व चैंपियन जरीन ने शुक्रवार को चल रहे एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन की हनान नासर को 2 मिनट में नॉकआउट से हराकर 50 किलोग्राम भार वर्ग में भारत के लिए पदक पक्का कर लिया। सेमीफाइनल में उनका मुकाबला थाईलैंड की चुथामत रक्सत से होगा। वर्तमान में, खेलों में भारत की पदक संख्या 34 है, जिसमें आठ स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।

# नॉटिंघमशायर ने ट्रेंट ब्रिज के पवेलियन एंड का नाम बदलकर स्टुअर्ट ब्रॉड रखा

**नॉटिंघमशायर।** नॉटिंघमशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने ट्रेंट ब्रिज में पवेलियन एंड का नाम बदलकर स्टुअर्ट ब्रॉड रख दिया है। जिन्होंने इस साल अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। यह सम्मान वैश्विक मंच पर इंग्लैंड के गेंदबाज की याद दिलाएगा। तेज गेंदबाज ब्रॉड ने 604 टेस्ट विकेट लिये हैं, जो प्रारूप के इतिहास में केवल मुथैया मुरलीधरन, शेन वार्न, जेम्स एंडरसन और अनिल कुंबले के बाद पांचवां सबसे अधिक टेस्ट विकेट है। उन विकेटों में 2011 में भारत के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में ली गई एकमात्र टेस्ट हैट्रिक और इस स्थल के लगभग 200 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी विश्लेषण शामिल है, जो ब्रॉड ने 2015 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी, उस मैच में उन्होंने 15 रन देकर 8 विकेट लिए थे।



ब्रॉड ने कहा, जब मैं एक बच्चे के रूप में नॉटिंघमशायर और इंग्लैंड की जर्सी पहनने के सपने के साथ पहली बार ट्रेंट ब्रिज गया था, तो मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि मैं इतना भाग्यशाली होऊंगा कि मैं खेल में इतने सारे यादगार पलों का आनंद ले सकूंगा। उन्होंने कहा, यह सोचना थोड़ा अवास्तविक है कि जिस मैदान से मुझे क्रिकेट से प्यार हुआ, उस हिस्से का नाम अब मेरे नाम पर रखा जाएगा।उन्होंने कहा, नॉट्स के लिए खेलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है और मैं इसका बहुत आभारी हूं कि जहां भी मेरा करियर मुझे ले गया, मैं हमेशा ट्रेंट ब्रिज में अपने घर आने में सक्षम रहा हूं।उन्होंने कहा, एक ऐसे व्यक्ति के रूप में जो नॉटिंघम में पैदा हुआ और पला-बढ़ा है, यह मेरे और मेरे परिवार के लिए अविश्वसनीय रूप से गर्व का क्षण है।ब्रॉड ने अपने घरेलू मैदान पर काउंटी और देश के लिए 43 मैचों में 190 विकेट लिए। अपने पूरे करियर में, उन्होंने 1,268 सीनियर विकेट लिए।

वह इंग्लैंड की 2010 विश्व टी20 विजेता टीम के भी सदस्य थे और उन्होंने 2010 काउंटी चैम्पियनशिप, 2022 डिवीजन दो का खिताब और नॉट्स के साथ दो एक दिवसीय फाइनल जीते।

नॉटिंघमशायर के चेयरमैन एंडी हंट ने कहा, उच्चतम स्तर पर स्टुअर्ट की उपलब्धियां काफी उल्लेखनीय हैं - इसकी बहुत कम संभावना है कि हम किसी अन्य इंग्लिश गेंदबाज को पिछले 15 वर्षों के उनके रिकॉर्ड की बराबरी करते देख पाएंगे।

# अरशद नदीम के साथ प्रतिद्वंद्विता पर नीरज ने कहा- मेरी लड़ाई खुद से, तकनीक-थ्रो बेहतर करने का लक्ष्य

**हांगझू।** भारतीय विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने स्वीकार किया कि पुरुषों के भाला फेंक फाइनल के दौरान कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के अरशद नदीम पर भी निगाहें होंगी, लेकिन उनका मुख्य फोकस खुद से प्रतिस्पर्धा करना,अपनी तकनीक में बेहतर होना और खिताबी मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ थ्रो करने पर होगा।

नीरज, जिन्होंने हाल ही में भारत के लिए पहली बार विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था, 4 अक्टूबर को हांगझू में पुरुषों के भाला फेंक फाइनल के साथ अपने एशियाई खेलों के अभियान की शुरुआत करेंगे। फाइनल के दौरान पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी अरशद पर भी निगाहें रहेंगी।नीरज ने हांगझू में मीडिया से बातचीत में कहा, जब भी अरशद ने मेरे साथ खेला है, मैंने जीत हासिल की है। लेकिन ध्यान हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर होता है, न कि इस पर कि मेरे खिलाफ कौन खेल रहा है। एथलेटिक्स में, आप खुद से प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए खुद को प्रेरित करते हैं। हां, कुछ फोकस है एशियाई खेलों में भारत और पाकिस्तान पर, क्योंकि कोई यूरोपीय एथलीट नहीं है, लेकिन मेरी लड़ाई मेरे खिलाफ है, मुझे अपनी तकनीक और थ्रो में सुधार करना होगा। बाकी, हम देखेंगे।दोनों एथलीट नौ अंतराष्ट्रीय स्पर्धाओं में एक साथ आमने-सामने हुए हैं, सात बार सीनियर स्तर पर और दो बार जूनियर स्तर पर। इन दोनों एथलीटों की पहली मुलाकात दक्षिण एशियाई खेल 2016 में गुवाहाटी में हुई थी, जहां नीरज को स्वर्ण और नदीम को कांस्य पदक मिला था। फिलहाल, नीरज ने नदीम पर 9-0 की बढ़त बना रखी है।समग्र संख्या में नीरज केदबदबे के बावजूद, अरशद 2018 के बाद से भारतीय दिग्गज के प्रदर्शन के करीब आ रहे हैं और नीरज के वर्चस्व के लिए एक बड़ा खतरा हो सकते हैं। पाकिस्तान के अरशद व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के मामले में नीरज से आगे हैं, उन्होंने राष्ट्रमंडल खेल 2022 के दौरान 90.18 का आंकड़ा छुआ, जहां उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। इस प्रयास से उन्होंने तत्कालीन विश्व चैंपियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स को पछाड़ दिया। चोट के कारण नीरज इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाए थे। 2017 वर्ल्ड अंडरसाइड में चीनी ताइपे के चाओ-त्सुन चेंग के 91.26 मीटर थ्रो के बाद यह केवल दूसरी बार था, जब किसी दक्षिण एशियाई एथलीट ने 90 मीटर का आंकड़ा छुआ।



## एशियाई खेल: पुरुष और महिला रोलर स्केटिंग फाइनल में भारत की हार

**हांगझू।** भारतीय स्केटर्स आनंदकुमार वेलकुमार, सिद्धांत कांबले, आरती कस्तूरी राज और हीरल साधु चल रहे एशियाई खेलों 2023 में पुरुष और महिला रोलर स्केटिंग फाइनल में पदक हासिल करने में असफल रहे। पुरुषों के फाइनल में, आनंदकुमार पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर पॉइंट-एलिमिनेशन रेस में 15ः40.978 का समय निकालने के बाद स्पीड स्केटिंग पदक से चूक गए। 20 वर्षीय खिलाड़ी ने पोडियम पाने के लिए केवल सात अंकों की कमी के साथ चार अंक बनाए और दौड़ में छठे स्थान पर रहे।

दूसरी ओर, सिद्धांत कांबले 15:57.944 का समय लेकर चार अंक हासिल कर सातवें स्थान पर रहे।

पुरुषों की स्पीड स्केटिंग 10000 मीटर में, दक्षिण कोरिया के बियोंघी ने 15:39.867 का समय निर्धारित किया और स्वर्ण पदक जीता। चीन की झेनहाई झांग ने 15:41.721 का समय लेकर रजत पदक हासिल किया, जबकि दक्षिण कोरिया की इन्हो चोई ने 15:41.883 का समय लेकर कांस्य पदक जीता।

महिलाओं के फाइनल राउंड में आरती कस्तूरी राज 17:41.159 का समय लेकर और तीन अंक हासिल कर पांचवें स्थान पर रहीं। इस बीच, 17 वर्षीय हीरल साधु इसी स्पर्धा में सातवें स्थान पर रहीं।

अब आनंदकुमार, कांबले, आरती और हीरल सोमवार को एशियाई खेलों में पुरुष और महिला स्पीड स्केटिंग 3000 मीटर रिले फाइनल में भाग लेंगे। रोलर स्केटिंग प्रतियोगिताएं 30 सितंबर को शुरू हुई और 7 अक्टूबर को समाप्त होंगी। 19वें एशियाई खेल 2023 की पदक तालिका में भारत इस समय कुल 34 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है। जिसमें आठ स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक शामिल हैं।

# ज्योति महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में, जेसविन-मुरली भी पुरुषों की लंबी कूद के पदक मुकाबले में पहुंचे

**हांगझू।** भारतीय एथलीट ज्योति याराजी और नित्या रामराज ने एशियाई खेलों में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ के फाइनल में जगह बनाई है, जबकि लंबी कूद के खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर और जेसविन एल्ड्रिन ने भी पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

एशियाई स्तर के चैंपियन याराजी ने फाइनल में पहुंचने और पदक की दौड़ में बने रहने के लिए 13.03 सेकेंड का समय लिया। 24 वर्षीय बाधा दौड़ खिलाड़ी अपनी हीट में दूसरे और कुल मिलाकर तीसरे स्थान पर रहीं। नित्या रामराज ने भी फाइनल में जगह बनाई, 13ः30 सेकेंड का समय लेकर सातवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में, योग्यता मानदंड कम से कम 7.90 मीटर की छलांग हासिल करना या शीर्ष 12 एथलीटों में शामिल होना था। मुरली ने 7.97 मीटर की छलांग लगाई जबकि जेसविन ने 7.67 मीटर की छलांग लगाई। मुरली हीट में कुल मिलाकर दूसरे नंबर पर रहे जबकि जेसविन छठे स्थान पर रहे।महिलाओं की हेप्टाथलॉन में 100 मीटर बाधा दौड़ हीट में स्वप्ना बर्मन ने 13.88 का अपना सर्वश्रेष्ठ समय निकाला और चीन की झेंग निनाली के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। नंदिनी अगासरा 14.01 सेकेंड के समय के साथ हीट में कुल मिलाकर चौथे स्थान पर रहीं। विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा, हर्डलर ज्योति याराजी और स्टीपलचेज़ रेसर अविनाश साबले हांग्जो मीट में 37 स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले शीर्ष भारतीय एथलेटिक्स नामों में से हैं। एथलेटिक्स इवेंट 29 सितंबर को शुरू हुआ और 5 अक्टूबर तक चलेगा। ये ट्रैक और फील्ड इवेंट हांग्जो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे हैं।



# न्यूजीलैंड से प्रैक्टिस मैच हारी पाकिस्तान, 44 ओवर में ही गंवा दिया 345 का स्कोर

**हैदराबाद।** हैदराबाद के मैदान पर पाकिस्तान क्रिकेट टीम की न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान शर्मनाक हार हुई है। पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए बाबर आजम के 80, मोहम्मद रिजवान के 103 तो सऊद शकील के 75 रनों की बदौलत 345 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी न्यूजीलैंड ने रचिन रविंद्र, विलियमसन और मार्क चापमैन के अर्धशतकों की बदौलत 44वें ओवर में ही 5 विकेट से जीत हासिल कर ली।

**न्यूजीलैंड का प्लस प्वाइंट**

- न्यूजीलैंड के लिए यह प्रैक्टिस मैच कई मायनों में खास रहा। केन विलियमसन ने लंबे समय के बाद मैदान पर वापसी की और पाकिस्तान की मजबूत गेंदबाजी क्रम के आगे 50 गेंदों पर 54 रन बनाए। विलियमसन रिटायर्ड होकर पवेलियन लौट गए।

- न्यूजीलैंड के ऑलराऊंडर रचिन रविंद्र ने ओपनिंग की और 72 गेंदों पर 16 चौके और एक छक्के की मदद से 97 रन बनाए। वह शतक से चूक गए लेकिन उन्होंने खेल प्रेमियों में विश्वास बनाया।

- 346 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम के केन विलियमसन और डेरिल मिचेल अर्धशतक लगाकर पवेलियन लौट गए। यह दर्शाता है कि बड़े प्लेयर्स अगर मैदान में नहीं है तब भी कीवी टीम जादुई प्रदर्शन करने में सक्षम है।



**पाकिस्तान का निगेटिव प्वाइंट**

- पाकिस्तान ने भले ही पहले खेलते हुए 345 रन बनाए लेकिन उनकी सलामी बल्लेबाजी बिल्कुल भी चल नहीं पाई। शफीक 14 तो इमाम 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। विश्व कप से पहले पाकिस्तान के लिए यह चिंता भरी बात होगी।

- पाकिस्तान ने अपने सभी प्रमुख गेंदबाजों का इस्तेमाल किया लेकिन वह 345 का लक्ष्य बचा नहीं पाए। हैरिस राऊफ, हसन अली, मोहम्मद वसीम जूनियर ने 8 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से रन दिए।

# शाकिब के बिना बांग्लादेश ने प्रैक्टिस मैच में श्रीलंका को हराया, यह प्लेयर बना हीरो

**गुवाहटी।** तंजिद हसन (84) और लिटन दास (61) के बीच 131 रन की शतकीय साझीदारी की मदद से बांग्लादेश ने यहां विश्व कप के वार्म अप मैच में श्रीलंका को आसानी से सात विकेट से हरा दिया। बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम पर बांग्लादेश ने पहले शानदार गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण का मुजाहिरा करते हुए श्रीलंका की पहली पारी को 49.1 ओवर में 263 रन पर समेट दिया और बाद में 264 रन का लक्ष्य मात्र 42 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान मेहदी हसन मिराज 67 रन और मुशफिकुर रहीम 35 रन बनाकर नाबाद लौटे।



श्रीलंका की पारी को समेटने में महेदी हसन ( 36 रन पर 3 विकेट) की भूमिका अहम रही जबकि तनजीम हसन साकिब, शोरिफुल इस्लाम, नासुम अहमद और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक विकेट लिया।

श्रीलंका के 2 खिलाड़ी रन आउट हुए जबकि कुसल परेरा रिटायर्ड हर्ट होकर वापस लौटे। पथुम निसंका (68) और कुसल परेरा (34) ने पहले विकेट के लिए 104 रन जोड़ कर श्रीलंका को शानदार शुरुआत दी मगर धनंजय डिसिल्वा (55) को छोड़ कर मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज बांग्लादेश के गेंदबाजी आक्रमण और चुस्त क्षेत्ररक्षण के चलते सस्ते में अपना विकेट गंवाते चले गए और पूरी टीम 50 ओवर भी नहीं खेल सकी। दूसरी ओर बांग्लादेश की ओर से तंजीद और लिटन ने शतकीय साझीदारी से अपनी टीम को मजबूत आधार दिया जिस पर कप्तान मिराज और अनुभवी मुशफिकुर ने जीत की इमारत तैयार कर दी। मो. तौहीद हृदोय हालांकि युवा दुनिथ वेल्लालगे की पहली गेंद पर बगैर खाता खोले वापस लौट गए।

# श्योपुर महाविद्यालय बना फुटबाल जिला चौंपियन

**श्योपुर।**
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के खेल प्रांगण में उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के खेल कैलेंडर के अनुसार जिला स्तरीय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके फाइनल मुकाबले में शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर की टीम ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना की टीम को 3-0 गोल के स्कोर से शिकस्त दी और जिला स्तरीय फुटबाल चौंपियन होने का गौरव हासिल किया। मैच की शुरुवात से ही श्योपुर महाविद्यालय की टीम ने कप्तान कुणाल गौ? की कप्तानी में अपने सुद्रण खेल का परिचय देते हुए मुरैना टीम को उनके ही हाफ में बाधित कर दिया और खेल के अंत तक इसी क्रम को जारी रक्खा। मैच में सर्वाधिक गोल दो (02) जितेंद्र जाटव ने दागे व राकेश माहौर ने एक (01) दागा। इस तरह से श्योपुर



महाविद्यालय की फुटबॉल टीम ने श्योपुर को जिला स्तरीय चौंपियन बनाया। इसी क्रम में महिला वर्ग में चयन प्रक्रिया को ट्रायल के आधार पर किया गया जिसमें शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरैना व शासकीय कन्या महाविद्यालय श्योपुर की छात्राओं ने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर जिले की टीम में अपना स्थान प्राप्त किया। दोनों टीम में चयनित छात्र एवं छात्राएं मुरैना जिले का प्रतिनिधित्व आगामी अक्टूबर माह में संभाग स्तर पर करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्राचार्य डा. एसडी राठौर ने प्रतियोगिता उपरांत सभी पुरुष एवं महिला खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया एवं खेल और खिलाड़ियों के परस्पर संबंध एवं खेलों द्वारा अनुशासित व्यक्तित्व के विकास पर प्रकाश डालते हुए सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं खेल प्रभारी प्रोफेसर अरविंद दोहरे एवं खेल अधिकारी डा. मनु प्रताप सिंह एवं हीरा सिंह की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान प्रोफसर डा. सीमा चौकसे, प्रो. कविता, वेदांकी खंडेलवाल, डा. लक्ष्मीकांत राय, लेखापाल बाजुल्ला सहित महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से किया मतदाताओं को जागरूक

# स्वीप प्लान के तहत शा. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेसईपुरा में भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**श्योपुर।**
मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलेक्टर संजय कुमार के निर्देश एवं स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी जिला पंचायत सीइओ अतेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। स्वीप प्रभारी राजकुमार पाराशर ने बताया कि, विधान सभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न गतिविधि



आयोजित की जा रही है। जिसके क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेसईपुरा में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अगुवाई खंड शिक्षा अधिकारी एसपी भार्गव द्वारा की गई। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता के लिए एवं मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के माध्यम से 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी को मतदान करने हेतु प्रेरित भी किया गया।

### मेले में लगे आचार एवं मूंग बड़ी, तसला साबून, सेनेट्री नेपकिन, वाशिंग पावडर के स्टाल

# पुरानी कलेक्ट्रेट पर आजीविका उत्पाद का तीन दिवसीय मेला का शुभारंभ, महिलाओं ने दी उत्पादों की जानकारी

**श्योपुर ।**
राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन तहत शनिवार को पुरानी कलेक्ट्रेट में तीन दिवसीय आजीविका उत्पाद मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार ने कहा कि जिले में स्वसहायता समूहों के माध्यम से बडी संख्या में महिलाएं रोजगार से जुडी है तथा स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर बेहतर आजीविका प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि सिलाई कार्य से लेकर, साबुन, सर्फ आदि घरेलू उपयोग की सामग्री का उत्पादन एवं निर्माण एसएचजी द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही गुणवत्तायुक्त प्रसादम रेस्टोरेंट का संचालन भी स्वसहायता समूहों की विश्वसनीयता को बढाने की दिशा में कार्य कर रहा है। तीन दिवसीय आजीविका उत्पाद मेले में महिला स्वसहायता समूहों द्वारा आचार एवं मूंग बडी, तसला साबुन, सेनेट्री



नेपकिन, वाशिंग पावडर, अगरबत्ती, हल्दी मसाला, वर्मी कम्पोस्ट, जडीबूटी, सजावटी वस्तुएं, फिनाइल, हार्पिक उत्पादों के स्टाल विक्रय के लिए लगाए गए। इसके साथ ही प्रसादम रेस्टोरेंट की ओर से भी खाद्य पदार्थो का स्टाल लगाया गया। इसके अलावा अन्य एसएचजी द्वारा भी स्वनिर्मित सामग्रियों से संबंधित स्टाल लगाए गए। यह मेला 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होगा, जो सुबह 10 बजे से रात 08 बजे तक संचालित रहेगा। इस अवसर पर डीपीएम एनआरएलएम डा. सोहनकृष्ण मुदगल, प्रबंधक खादी एवं ग्रामोद्योग राघवेंद्र त्यागी, एसबीएम के समन्वयक जीएस डोगरे आदि उपस्थित थे। इसके पूर्व समूह की महिलाओं द्वारा कलेक्टर संजय कुमार एवं उनकी धर्मपत्नि का तिलक कर स्वागत किया गया।

### कलेक्टर ने खरीदे घरेलू उत्पाद

आजीविका उत्पाद मेले में कलेक्टर संजय कुमार सपत्निक पहुंचे तथा विभिन्न स्टालों का अवलोकन करते हुए एसएचजी की महिलाओं से उत्पाद निर्माण के संबंध में चर्चा की गई। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न स्टालों से घरेलू उपयोग की सामग्री भी खरीदी गई। प्रसादम रेस्टोरेंट के स्टाल पर भी खाद्य पदार्थो का स्वाद लिया गया तथा यहां सभी मिष्ठान की खरीदी की गई।

# सभी जरूरतमंदों को सुलभ, समुचित न्याय उपलब्ध हो

भिण्ड राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय का संचालन माह अगस्त से ही किया जा रहा है।जिला अभियोजन की तर्ज पर अभियुक्तों के निःशुल्क प्रतिनिधित्व हेतु स्थापित लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के नवीन कार्यालय का उद्घाटन सुरभि मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड द्वारा रिबन काटकर किया गया। जिसके माध्यम से समाज के उन सभी लोगो को जो कि न्यायालय में अपना पक्ष सही एवं सक्षम तरीके से रख पाने में असक्षम हैं, नियमानुसार उन्हें निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवा निरंतर प्रदाय की जा रही है। उक्त अवसर पर हिमांशु कौशल जिला न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड, समस्त न्यायाधीशगण, सौरभ कुमार दुबे, जिला विधिक सहायता अधिकारी, विनीत मिश्रा अध्यक्ष अभिभाषक संघ भिण्ड, हनुमंत बौहरे चीफ



एल.ए.डी.सी., अजय कुमार त्रिपाठी डिप्टी चीफ, रामवीर सिंह भदौरिया डिप्टी चीफ, अमित थापक असिस्टेंट एल.ए.डी.सी., साधना मिश्रा असिस्टेंट एल.ए.डी.सी., विदुषी राजावत एल.ए.डी.सी. एवं अधिवक्तागण, जिला प्राधिकरण के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।अपने उद्बोधन में सुरभि मिश्रा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड द्वारा व्यक्त किया गया कि समाज के सभी वर्गों तथा मुख्यतः ऐसे वर्ग जो कि आर्थिक, सामाजिक रूप से कमजोर हैं तथा न्यायालय में अपना बचाव करने में असक्षम हैं, को निःशुल्क एवं सक्षम विधिक सेवा उपलब्ध कराना ही लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम स्कीम का मुख्य उद्देश्य है। जिसे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा पूरे देश में लागू किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला भिण्ड में स्थापित लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम कार्यालय का उद्घाटन किया गया है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायालय भिण्ड

# माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित दिशा-निर्देशों का पालन करें सुनिश्चित



भिंड माननीय मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा माननीय सुरभि मिश्रा प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदया, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिण्ड की अध्यक्षता में आज दिनांक 30.09.2023 को ए.डी.आर. सेंटर भिण्ड में गौहर मोहम्मद विरूद्ध उत्तरप्रदेश राज्य में माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित निर्देशों के अनुपालन में मोटरयान अधिनियम यथासंशोधित, 2022 के संबंध में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भिण्ड जिले के समस्त थानों के थाना प्रभारीगण एवं बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि के रूप में नामित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम में डी.पी. मिश्र विशेष न्यायाधीश, पल्लवी द्विवेदी अपर सत्र न्यायाधीश गोहद, हिमांशु कौशल, जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड, की उपस्थिति में आयोजित किया गया।उक्त जागरूकता कार्यक्रम में पल्लवी द्विवेदी अपर सत्र न्यायाधीश गोहद द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के न्यायदृष्टांत सिविल अपील नं. 9322/2022 गोहर मोहम्मद विरूद्ध उत्तर प्रदेश स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन व अन्य में पारित निर्णय के आलोक में मोटरयान अधिनियम यथा संशोधित, 2022 के अध्याय 11 एवं 12 तथा मोटरयान नियम, 2022 के संबंध में दिए गए दिशा-निर्देशों के पालन के संबंध में समस्त हितधारकों को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदाय की गई।

# निराश्रित भवन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि

**भिंड** ।भाजपा कार्यकर्ताओं ने निराश्रित भवन पर कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही भाजपा नेताओं द्वारा निराश्रित भवन में निवासरत वृद्धजनों को स्वल्पाहार वितरण किया एवं कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की याद में वृक्षारोपण किया।इस अवसर पर भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य सिद्धार्थ जैन ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने गुना इटावा रेल लाइन, केंद्रीय विद्यालय ,आईटीआई जैसे अन्य कई विकास की योजना हमारे जिले को दी और पूर्व केंद्रीय मंत्री माधव राव सिंधिया किसी भी दलगत राजनीति से ऊपर थे उन्होंने शहर और ग्वालियर चम्बल अंचल के विकास के लिए बहुत काम किये इसीलिए लोग उन्हें विकास का मसीहा मानते थे।एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक ने कहा कि लोकप्रिय जननायक एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि, अपने पुनीत विचारों एवं जन कल्याणकारी कार्यों के लिए आप सदैव याद किये जायेंगे। आज ही दिन कैलाशवासी माधवराव सिंधिया का निधन 30 सितंबर



2001 में उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में विमान दुर्घटना में हुआ था।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता सुनील दुबे,रविन्द्र नरवरिया, जिला मंत्री तरुण शर्मा, मंडल अध्यक्ष टीपू भदौरिया एवं अमित जैन, मंडल महामंत्री राजीव उपाध्याय, मंडल उपाध्यक्ष प्रशांत सोनी एवं मनोज जैन, जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी शेखर खटीक, मंडल मंत्री श्यामकिशोर दीक्षित,मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा, नरसिंह ताम्रकार,राकेश जैन, पवन जैन , मयंक जैन,अनिल जैन ,राय सिंह भदौरिया,पंकज जैन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चोरों ने चटकाए चार दुकानों के ताले, 56 हजार रुपए नगदी और अन्य सामान चोरी

### अज्ञात चोरों ने दिया घटना अंजाम

**श्योपुर ।**
शातिर चोरों ने रात के अंधेरे में एक साथ चार दुकानों के ताले चटका कर पुलिस की रात्रि गश्त व्यवस्था पर एक बार फिर से सवाल कर दिए हैं। यह चोर चारों दुकानों से 56 हजार रुपए की नगदी और अन्य सामान चोरी करके ले गए हैं। जिनकी तलाश पुलिस की ओर से की जा रही है। विजयपुर एसडीओपी ने रात्रि गश्त में लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी कर दिए हैं।

मामला विजयपुर बस स्टैंड पर संचालित तीन किराना दुकानों और एक शूज दुकान का है जिसमें शुक्रवार- शनिवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने दुकानों के ताले चटकाकर चोरी की है, चोरी की घटना का पता शनिवार को तब लगा जब दुकानदारों ने अपनी दुकान पर पहुंचकर ताले टूटे हुए देखे, इसके बाद उन्होंने विजयपुर पुलिस को मामले की सूचना दी। चोरी की सूचना मिलने के बाद विजयपुर एसडीओपी अतुल सिंह ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआइना किया और रात्रि गश्त करने वाले पुलिसकर्मियों को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया है, नोटिस का जवाब संतुष्टि



पूर्वक नहीं मिलने पर लापरवाह पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई भी हो सकती है। इसके साथ ही पुलिस ने चोरों के बारे में जानकारी जुटाना भी शुरू कर दिया है। यहां बता दें कि, विजयपुर बस स्टैंड पर करीब 15 से 20 दिन पहले भी एक मिठाई की दुकान पर चोरी हुई थी, चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में भी रिकॉर्ड हुई थी लेकिन, उस मामले में भी पुलिस के हाथ अभी तक खाली है और अब चोरों ने फिर से लगातार चार दुकानों के ताले चटकाकर पुलिसिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### इन दुकानों में हुई है इतनी चोरी

विजयपुर बस स्टैंड पर संचालित जिन चार दुकानों में चोरी हुई है उनमें बंटी सर्राफ की किराने की दुकान से 5 हजार रुपये, शिंम्पी मंगल की किराने की दुकान 18 हजार, दीपेश मित्तल किराने की दुकान 28 हजार और शीनू गोयल की शूज दुकान दुकान से 5 हजार रुपए की चोरी हुई है।

विजयपुर एसडीओपी अतुल सिंह का कहना है कि, चार दुकानों में चोरी हुई है, चोरों के बारे में पता किया जा रहा है इसके साथ ही रात्रि में गश्त करने वाले पुलिस कर्मियों को नोटिस जारी किए हैं जवाब आने के बाद लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी, जल्दी चोरी की घटनाओं को ट्रेस कर लिया जाएगा

# तीन माह से नहीं मिला खाद्यान्न तो कोटेदार की पीओसी मशीन छीनकर महिलाएं पहुंची कलेक्ट्रेट

अंगूठा लगवाने के बाद भी 3 महीने से खाद्यान्न ना देने पर नाराज महिलाओं ने कोटेदार की पीओसी मशीन और रजिस्टर छीन कर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच गई. मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गरीबों को दिये जा रहे खाद्यान्न की कालाबाजारी इनदिनों नवगठित मऊगंज जिले में खूब चर्चित है. क्योंकि गरीबों के हक पर कोटेदारों की नजर लगी हुई है और शिकायत के बाद जांच अधिकारी सिर्फ खाना पूर्ति कर रहे हैं. उनकी जांच देखकर ऐसा लगता है जैसे उनके सह पर ही खाद्यान्न की कालाबाजारी का खेल मऊगंज जिले में खेला जा रहा है। यह पूरा मामला नवगठित मऊगंज जिले के डिघबार 393 के मलैयगवा गांव से सामने आया है जहां के कोटेदार अजय पटेल के द्वारा ग्रामीणों से अंगूठा लगवाने के बावजूद भी 3 महीने से खाद्यान्न नहीं दिया गया. कई बार महिलाएं उचित मूल्य दुकान में खाद्यान्न लेने के लिए चक्कर लगाती रही लेकिन जब खाद्यान्न नहीं मिला तो इस बात से नाराज महिलाओं ने कोटेदार अजय पटेल की पीओसी मशीन छीन कर महिलाएं कलेक्टर अजय श्रीवास्तव से मिलने मऊगंज कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंच गई। पीओसी मशीन में कैद रहता है डाटा कोटेदार के पास उपलब्ध मशीन में ही उचित मूल्य की दुकान से संबंधित संपूर्ण डाटा कैद रहता है. जिसमें कोटे में कितना स्टॉक बचा हुआ है और किन्हे खाद्यान्न दिया जाना है सारी जानकारियां इसी मशीन में उपलब्ध रहती हैं. महिलाओं ने कोटेदार अजय पटेल के पास से मशीन और रजिस्टर छीनकर मऊगंज कलेक्टर अजय श्रीवास्तव के कार्यालय पहुंच गई. इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद रहे सभी ने कलेक्टर अजय श्रीवास्तव से मदद की गुहार लगाई है। मऊगंज जिला बनने से पहले रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर एक दर्जन के लगभग कोटेदारों पर स्न्ढ्ढक्रदर्ज करवाया गया था. इस कार्यवाही के बाद कई कोटेदार तो जेल की सलाखों के पीछे चले गए लेकिन कई फरार चल रहे थे.

# सिंधिया कन्या विद्यालय में संकल्पना स्टेम रोबोटिक लैब का उद्घाटन

सिंधिया कन्या विद्यालय में प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई के ई-यंत्र कार्यक्रम के सहयोग से एक अभूतपूर्व पहल, संकल्पना स्टेम रोबोटिक लैब का उद्घाटन 30 सितंबर को एसकेवी परिसर में किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के द्वितीय दिवस का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को आर्डुइनो उनो ऋ3 माइक्रोकंट्रोलर के बारे में ज्ञान प्रदान करना था। यह कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्या श्रीमती निशि मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. कवि आर्य डी.फिल. (ऑक्सन), कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रसिद्ध, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बॉम्बे) प्रोफेसर उपस्थित थे। जिन्होंने प्रथम दिन छात्राओं के साथ सेशन किया तथा अपने उद्बोधन में कहा ÷समस्याएँ स्कूल में हमें पढ़ाए गए विषयों से संबंधित नहीं हैं। जब हम वास्तविक जीवन में उनका सामना करते हैं तो वे किताब से बहुत अलग होती हैं। इंजीनियरिंग उसी का समाधान खोजने का तरीका है। उनके अनुसार विद्यालय में प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा होनी चाहिए। विद्यार्थियों को करियर में आगे बढ़ने के नए तरीकों के बारे में सोचने की ज़रूरत है। उन्हें दृष्टिकोण में बदलाव लाना चाहिए, पूछने की जिज्ञासा और भविष्य के लिए लक्ष्य तैयार करना चाहिए। हम नए इनोवेटर्स, जॉब क्रिएटर्स और उद्यमी बनाना चाहते हैं और स्कूल वह जगह है जहां आपको वास्तव में अपने लक्ष्य का ख्याल रखना चाहिए। ई-यंत्र एक रोबोटिक्स आउटरीच कार्यक्रम है जिसे शिक्षा मंत्रालय द्वारा वित्त पोषित किया गया है और आईआईटी बॉम्बे में होस्ट किया गया है। इसका लक्ष्य विभिन्न प्रकार के डोमेन जैसे कि कृषि, विनिर्माण, रक्षा, स्मार्ट-सिटी रखरखाव और सेवा उद्योगों में प्रौद्योगिकी का उपयोग करके समस्याओं को हल करने के लिए युवा इंजीनियरों की प्रतिभा का उपयोग करना है। यह 2026 तक पूरे देश में 1500 रोबोटिक प्रयोगशालाएं स्थापित कर रहा है और वर्तमान में पूरे भारत में लगभग 500 प्रयोगशालाएं स्थापित कर चुका है। ये प्रयोगशालाएं इंजीनियरिंग कॉलेजों में स्टार्टअप संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए क्षेत्रीय नवाचार केंद्र स्थापित करने का आधार हैं।कार्यशाला के द्वितीय दिवस में रिसोर्स पर्सन के रूप में सुश्री दीपा अवुदियाप्पन जो वर्तमान में ई-यंत्र, आईआईटी में प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर हैं, एग्नेल करण जो वर्तमान में रोबोटिक्स के क्षेत्र में विशेषज्ञता के साथ जूनियर प्रोजेक्ट टेक्निकल असिस्टेंट के पद पर हैं तथा सुश्री ऐश्वर्या राजनबाबू वर्तमान में इजूनियर प्रोजेक्ट तकनीकी सहायक उपस्थित थे। इस कार्यशाला के द्वितीय दिवस में छात्राओं को आर्डुइनो उनो ऋ3 माइक्रोकंट्रोलर और रोबोटिक्स में नवीनतम तकनीकों का पता लगाने और प्रयोग करने का अवसर दिया गया। जिसमें छात्राओं को निम्नलिखित डिवाइसों की जानकारी प्राप्त हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स सर्किट- छात्रों को इलेक्ट्रॉनिक्स सर्किट की मूलभूत अवधारणाओं से परिचित कराया गया, जो रोबोटिक्स की दुनिया में उनकी यात्रा के लिए एक ठोस कदम था। आर्डुइनो उनो ऋ3 माइक्रोकंट्रोलर- प्रतिभागी आर्डुइनो उनो ऋ3 माइक्रोकंट्रोलर्स के साथ जुड़े, जो एक बहुमुखी मंच है जिसका उपयोग दुनिया भर में नवीन एम्बेडेड सिस्टम और रोबोटिक प्रोजेक्ट बनाने के लिए किया जाता है। इसमें छात्राओं ने आर्डुइनो में कोडिंग करना सीखा। तत्पश्चात ब्लिंकिंग ऑस ऐल ई डी, एक्सपेरिमेंटिंग विद ऐल ई डी, सीरियल कम्युनिकेशन और सेवन सेगमेंट डिस्प्ले जैसी चीजें सीखी। संकल्पना स्टेम रोबोटिक लैब का उद्घाटन भविष्य के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक रोमांचक कदम है। श्रीमती निशि मिश्रा के दूरदर्शी नेतृत्व में आईआईटी मुंबई के ई-यंत्र कार्यक्रम के साथ यह सहयोग, छात्राओं को प्रेरित करने और स्टेम शिक्षा में नए अवसर प्रदान करेगा। इस समस्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी श्रीमती वैशाली श्रीवास्तव द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में विद्यालय आईटी विभागाध्यक्ष श्रीमती मेधा गुप्ता, श्रीमती गीतांजलि राजपूत और श्री रविंद्र नेगी उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आजीविका मार्ट और सरस मेले का किया शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल हाट में राज्य स्तरीय आजीविका मार्ट और सरस मेला-2023 का फीता काटकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अवलोकन कर उत्पादों की जानकारी और स्व-सहायता समूह की महिलाओं का उत्साहवर्धन भी किया। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेंद्र सिंह सिसोदिया और महापौर श्रीमती मालती राय, अपर मुख्य सचिव श्री मलय श्रीवास्तव और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्रामीण आजीविका मिशन श्री एम.एल. बेलवाल सहित विभागीय अधिकारी, स्व-सहायता समूह के सदस्य और आमजन उपस्थित रहे। आजीविका मार्ट से स्व-सहायता समूह की सीधे शहरी उपभोक्ताओं तक होगी पहुँच आजीविका मार्ट भोपाल हाट परिसर मे 49 लाख 34 हजार रुपए की लागत से निर्मित किया गया है। सभी 53 जिलों के स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों का विक्रय किया जायेगा। बिचौलियों के बिना स्व-सहायता समूह की सीधे शहरी उपभोक्ताओं तक पहुँच बनेगी। विभिन्न जिलों के उत्पादों के वितरण के लिए प्रदेश में 43 रूरल मार्ट संचालित हैं। आजीविका मार्ट इन सभी रूरल मार्ट का समन्वयन केंद्र बन कर उभरेगा। पतंजली आयुर्वेद तकनीकी सहायता प्रदान करेगा। इससे आजीविका ब्रांड के उत्पादों के मानकीकरण और मार्केटिंग में सहायता मिलेगी।

## मुख्यमंत्री श्री चौहान ने माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय नंदानगर का किया शुभारंभ

**10 करोड़ रूपये लागत के तीन विकास कार्यों का लोकार्पण भी, धन के अभाव में बच्चों को उच्च शिक्षा से वंचित नहीं रहने दिया जायेगा: मुख्यमंत्री श्री चौहान**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज इंदौर में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात देते हुए नंदानगर में माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ किया। उन्होंने विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, सांसद श्री शंकर लालवानी, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री रमेश मेंदोला उपस्थित थे। पूर्व विधायक श्री सुदर्शन गुप्ता, इंदौर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री गोलू शुक्ला, नगर निगम के सभापति श्री मुन्नालाल यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. रेणु जैन भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि बालिका शिक्षा को बड़ावा देने के लिये राज्य शासन द्वारा अनेक योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। बच्चे पड़े-लिखें और आगे बढ़ें, इसके लिये उन्हें सुविधा सम्पन्न बनाया जा रहा है। बच्चों को स्कूटी, लैपटॉप भी वितरित किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि बच्चे बेहतर पड़ाई कर आगे बढ़ें। धन के अभाव में कोई भी विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा। तकनीकी शिक्षा, चिकित्सा शिक्षा एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की उच्च शिक्षा के लिये बच्चों की फीस राज्य शासन द्वारा वहन की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षित बच्चों को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जोड़ने के लिये मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना प्रारंभ की गई है। इसके तहत बच्चे जहां एक ओर हुनर सीख रहे हैं, वहीं उनकी कमाई भी हो रही है। उन्हें मानदेय दिया जा रहा है। कार्यक्रम को उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने भी संबोधित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 10 करोड़ रूपये लागत के तीन विकास कार्यों का लोकार्पण किया, जिनमें माँ कनकेश्वरी देवी शासकीय महाविद्यालय नंदानगर का शुभारंभ कुल 55 कक्ष, श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 4 करोड़ रूपये की लागत से नवनिर्मित स्वामी विवेकानंद भवन के कुल 7 कक्ष तथा शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय में 2.27 करोड़ रूपये की लागत से बने नवीन भवन का लोकार्पण शामिल हैं। इसमें योगारूम, सेमिनार हाल और ई-लायब्रेरी भी शामिल है।

# बच्चों को सफ़ाई-संस्कृति से संस्कारित करें राज्यपाल श्री पटेल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने 1 अक्टूबर को ÷एक तारीख, एक घंटा, एक साथ÷ अभियान के तहत स्वच्छता गतिविधियों में शामिल होकर श्रमदान किया। राज्यपाल श्री पटेल ने न्यू मार्केट परिसर में झा?ू लगाकर कचरा साड़ किया। उन्होंने 'स्वच्छता के लिए श्रमदान' कार्यक्रम में उपस्थित जनों और सफ़ाई कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। राज्यपाल ने इन्दौर का उदाहरण देते हुए भोपालवासियों को देश में स्वच्छता का सिरमौर बनने के लिए प्रेरित किया। न्यू मार्केट व्यापारी संघ और जन प्रतिनिधियों ने राज्यपाल श्री पटेल को पौधा और शॉल भेंट कर अभिनंदन किया।राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सफ़ाई संस्कृति से बच्चों को संस्कारित करें। अपने घर, परिसर को हमेशा स्वच्छ रखने की महत्ता बताएं। स्वच्छता को आदत बनाएं। बच्चों को सफाई रखने की प्रेरणा, स्वयं के आचरण और व्यवहार से दें। स्वच्छता अभियान एक दिन का अभियान नहीं है, इसे हमें साल के 365 दिन संचालित करना चाहिए।भोपाल नगर निगम



महापौर श्रीमती मालती राय उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि 16 से 30 सितम्बर तक देश भर में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा मनाया गया, जिसके तहत स्वच्छता पर आधारित अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके तहत एक अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से 'स्वच्छता के लिए श्रमदान' कार्यक्रम के तहत ÷एक तारीख, एक घंटा, एक साथ÷ अभियान आयोजित हुआ।

**खेड़ापति हनुमान मंदिर में किया पूजन**–राज्यपाल श्री पटेल न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुँचे। उन्होंने यहाँ विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया और प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन समिति के सदस्यों ने मंदिर पहुँचने पर राज्यपाल श्री पटेल का अभिनंदन किया।



**शुभारंभ**

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर के मुसाखेड़ी में फ्लाईओवर निर्माण कार्य का गेती कुदाली चलाकर शुभारंभ किया

# जागेश्वरी माता मंदिर लोक विकसित किया जायेगा मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि चंदेरी के ऐतिहासिक जागेश्वरी माता मंदिर में जागेश्वरी माता मंदिर लोक बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज अशोकनगर के चंदेरी जिले में ला?ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। अशोक नगर और चंदेरी क्षेत्र के विकास के लिये पैसे की कोई कमी नहीं रहेगी। किसानों के लिये सूखे के संकट में हर संभव मदद की जायेगी। राज्य सरकार उनके साथ कदम से कदम मिलाकर ख?ी है। उन्हें सर्वे कराकर जल्द राहत राशि वितरित की जाएगी।इस अवसर पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद श्री के.पी. यादव सहित अन्य जन प्रतिनिधि, लाड़ली बहनें और बी संख्या में आम-जन उपस्थित थे।

**मैं जनता से दूर नहीं रह सकता हूँ : मुख्यमंत्री श्री चौहान**– मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हमने जनता के कल्याण की योजनाओं को लागू किया है। पिछली सरकार ने हमारी कई योजनाएं बंद कर दीं थी। हमारी सरकार ने कन्यादान योजना, तीर्थ दर्शन योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं को फिर से शुरू किया है। बहनों के दुख दर्द दूर करने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार नहीं परिवार चलाता हूँ। मेरे मन में विचार आया कि बहनों को साल में एक बार पैसा देने से काम नहीं चलेगा। हर महीने एक हजार रुपए उनके बैंक खातों में डालूंगा। यह राशि एक हजार से बड़ाकर 1250 रुपए कर दी है। धीरे-धीरे ला?ली बहनों के खातें में यह राशि बड़ाकर तीन हजार कर दी जाएगी। बहनों के सारे दुख दूर कर दिए जाएंगे।



**मैंने बहनों को पैसा नहीं दिया, उनका सम्मान बढ़ाया है**

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एक नई सामाजिक क्रांति है। बहनों को पैसा नहीं दिया, उनका सम्मान, इज्जत और मान बढ़ाया है।

# एसएससीओ ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धो का किया सम्मान

ग्वालियर। सामाजिक सेवा सहयोग संस्था ने 1 अक्टूबर को अंतर्राष्टीय वृद्ध जन दिवस पर आश्रम स्वर्ग सदन में रहने वाले लगभग एक सैक?ा वृद्ध जनों का सम्मान संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम श्रीवास्तव ने किया और अंतर्राष्टीय वृद्ध जन दिवस क्यो मनाया जाता हे इस पर भी उपस्थित्त अतिथियों ने अपने अपने उदबोधन दिए। अंतर्राष्टीय वृद्धजन दिवस पर आयोजित सम्मान समारोह के बारे में जानकारी देते हुए सामाजिक सेवा सहयोग संस्था के राष्टीय अध्यक्ष श्याम श्रीवास्तव ने बताया कि यह सम्मान समारोह वृद्धजनों के प्रति होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने और उनको सम्मान पूर्वक जीवन जीने के अधिकार के लिए दिया गया है 7 संस्था वृद्ध जनों के प्रति सम्मान दिलवाने वाले दायित्व को पूरा कराने का भरसक प्रयास करेगी। इस अवसर पर स्वर्ग सदन आश्रम में रह रहे एक सैकड़ा वृद्ध जनों का सम्मान पट्टिका पहनाकर किया गया7 इसी के साथ इन वृद्धजनो की समुचित देखरेख में दिन रात एक करने वाले संचालक विकास गोस्वामी एवं उनकी टीम का सम्मान शॉल श्रीफल माला एवं स्मृति चिन्ह देकर संस्था के अध्यक्ष श्याम श्रीवास्तव एवं पदाधिकारियों, उपस्थित अतिथियों ने किया। सम्मान समारोह मे मुख्य अतिथि डॉ.प्रमोद पहारिया स्पाइन विशेषज्ञ, डॉ.विनीत चतुर्वेदी बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, नयन श्रीवास्तव वरिष्ठ कवि मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीयों ने अतिथियों को शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्टीय अध्यक्ष श्याम श्रीवास्तव ने की, कार्यक्रम संचालन अंशुमन शर्मा ने किया और आभार व्यक्त सुलभ श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर संस्था के राष्टीय अध्यक्ष श्याम श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, राष्टीय उपाध्यक्ष राजेंद्र झा, लोकेंद्र भार्गव सहसचिव संजय बंसल संगठन मंत्री नितिन श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, राष्टीय मंत्री संतोष गर्ग, अनिल कुशवाह, आयुष शर्मा, प्रिंस श्रीवास्तव, अंकित शर्मा कपिल भार्गव आश्रम संचालक विकास गोस्वामी, कुलदीप पाठक मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में वृद्ध जनों को स्वल्पाहर एवं फल वितरित किए गए।

## हमारी टीम ने असंभव को संभव कर दिखाया : मुख्यमंत्री श्री चौहान

**भोपाल।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 23 मार्च 2020 को चौथी बार मुख्यमंत्री का पदभार संभालते वक्त प्रदेश में चुनौतीपूर्ण स्थितियाँ विद्यमान थीं। कोरोना संकट के साथ-साथ विषम आर्थिक परिस्थितियों के कारण हताशा, निराशा और अनिश्चितता का वातावरण था। मंत्रि-परिषद तथा अधिकारियों के सहयोग, कठिन परिश्रम, दृढ़ इच्छा-शक्ति व टीम भावना के परिणाम स्वरूप हमने परिस्थितियों पर नियंत्रण पाया और हमारा प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी और बीमारी (कोरोना) दोनों से मुक्त हुआ। यह गर्व और प्रसन्नता का विषय है कि विपरीत परिस्थितियों को भी वरदान में बदलने, विकास-जनकल्याण और सुराज की नई ऊंचाईयां छूने, नए आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में पिछले साड़े 3 साल में हमारी टीम ने असंभव को संभव कर दिखाया। इस उपलब्धि के लिए मंत्रि-परिषद तथा अधिकारी धन्यवाद और बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान मंत्रि-परिषद तथा वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक को मंत्रालय में संबोधित कर रहे थे।



**बेहतर सामन्जस्य और तड़प के साथ काम कर बड़ी से बड़ी समस्याओं का समाधान निकाला**–मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना काल में दिन-रात अथक परिश्रम से परिस्थितियों पर नियंत्रण पाया गया। लगभग 500 दिनों में 374 से अधिक बैठकें कर जिलों की वास्तविक परिस्थितियों से रू-ब-रू होना, तत्काल कोविड केयर सेंटर आरंभ करना, ऑक्सीजन की व्यवस्था करना और जन-सामान्य में सकारात्मक और संघर्ष का भाव बनाए रखना चुनौतीपूर्ण था।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478